प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव कराने का रास्ता साफ़ पेज- 2

www.newswani.in

पेज- 8 मांगों को लेकर पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन ने किया प्रदर्शन

वर्ष : 15 अंक : 149 बुधवार 20 मई 2026 डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## पेट्रोल 98 के पार, डीजल भी महंगा, खड़गे ने साधा पीएम मोदी पर निशाना

### बोले- जनता पर डाली जा रही नाकामी की मार

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल एवं डीजल के दाम में बढ़ोतरी को लेकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मंगलवार को 90 पैसे प्रति लीटर की और वृद्धि की गयी। एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार ईंधन के दाम बढ़ाये गये हैं। इस वृद्धि के बाद राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत 97.77 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 98.64 रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल की कीमत अब 90.67 रुपये प्रति लीटर के मुकाबले 91.58 रुपये



प्रति लीटर हो गयी है। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया, दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल–डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए। पूरी भूमिका बनाकर, बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है। आम जनता की लूट और अदाणी को अमेरिका से छूट प्रधानमंत्री मोदी का कंप्रोमाइज्ड मॉडल है। विश्वगुरु का झूठा दंभ भरने वाले मोदी जी ने अमेरिका से हाथ–पैर जोड़कर रूसी तेल खरीदने की अनुमति की एक महीने की मोहलत ली है। हर बार ऐसा करके वह 140 करोड़ भारतीय नागरिकों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाते हैं। उनका कहना है कि किसी भी पिछली सरकार ने ऐसा नहीं किया है। अब सवाल है कि जब सरकार के हिसाब से हमें ये अनुमति मिल गई है तो फिर आम जनता पर पेट्रोल–डीजल के दामों का बोझ क्यों? मैं एक बार फिर दोहराता हूं कि भाजपा में दूरदर्शिता और नेतृत्व की कमी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि जब संकट आया तो प्रधानमंत्री चुनावों में व्यस्त रहे, फिर चिकनी–चुपड़ी बातें कर लूट का प्लान बनाया और इसी बीच अपने परम मित्र को भी छुड़वा लिया! खड़गे ने कहा, केवल विदेशों में प्रायोजित पीआर करने से विश्वगुरु नहीं बना जाता३ मोदी जी, जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करनी पड़ती है। असली सवालों से मत भागिए,, इन्हें आपके आम कैसे खाते हैं और टॉनिक कौन सा पीते है, जैसे सवालों से कोई मतलब नहीं है। उनका कहना है, अगर जवाब देंगे कि संकट के लिए खुद क्या कर रहे हैं, तभी जनता के असली प्रधान सेवक कहलायेंगे, वरना महज प्रचारक बनकर ही रह जाएंगे।

## राहुल गांधी का रायबरेली दौरा, सरकार पर बोला तीखा हमला, कहा- महंगाई से आम आदमी बेहाल

(एजेंसी) रायबरेली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को रायबरेली पहुंचकर केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने बढ़ती महंगाई को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि पेट्रोल–डीजल समेत रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता पर भारी बोझ पड़ रहा है। बछरावां विधानसभा क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा गांव में सांसद निधि से बने बारातघर का उद्घाटन करने पहुंचे राहुल गांधी ने ग्रामीणों से बातचीत में कहा, देश का आम आदमी आर्थिक दबाव झेल रहा है, लेकिन सरकार उसकी परेशानियों को



गंभीरता से नहीं ले रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले समय में आर्थिक स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो सकती है, जिसका सबसे ज्यादा असर किसानों, युवाओं, मजदूरों और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। राहुल गांधी ने कहा कि रायबरेली की जनता से किए गए वादों को पूरा करने के लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने छोटे व्यापारियों और मेहनतकश लोगों की बदतर होती स्थिति पर चिंता व्यक्त की और सरकार से राहत देने वाले फैसले लेने की मांग की। इससे पहले राहुल गांधी ने चुरुवा मंदिर पहुंचकर बजरंगबली के दर्शन किए। बड़े मंगल के मौके पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, जिनसे राहुल ने मुलाकात कर अभिवादन किया। मंगलवार सुबह लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे राहुल गांधी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी भी मौजूद रहे। एयरपोर्ट से वह सड़क मार्ग से रायबरेली रवाना हुए। राहुल गांधी अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान जनसंवाद, महिला संवाद और संगठनात्मक बैठकों में शामिल होंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह दौरा आगामी चुनावी रणनीति और कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के नजरिए से काफी महत्वपूर्ण है।

## यशवंत वर्मा नकदी मामला: जांच समिति ने लोकसभा अध्यक्ष को सौंपी रिपोर्ट, संसद में होगी पेश

(एजेंसी) नई दिल्ली। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच कर रही एक जांच समिति ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास से कथित तौर पर जले हुए नोट मिलने के बाद उन्हें हटाने की कार्यवाही शुरू की गई थी। लोकसभा सचिवालय ने बताया कि न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत वैधानिक आवश्यकताओं के अनुपालन में प्रस्तुत की गई यह रिपोर्ट उचित समय पर संसद के दोनों सदनों में पेश की जाएगी। संसद की अगली बैठक मानसून सत्र में होगी, जो आमतौर पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है। लोकसभा अध्यक्ष ने 12 अगस्त, 2025 को तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास में 14 मार्च, 2025 की रात को आग लग गई थी और इसी दौरान दमकलकर्मियों ने कथित तौर पर उनके बंगले के एक भंडारगृह में भारी मात्रा में जली हुई मुद्रा बरामद की। न्यायमूर्ति वर्मा उस वक्त दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे और बाद में उन्हें उनके मूल न्यायालय इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया था। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित एक आंतरिक समिति ने निष्कर्ष निकाला था कि न्यायमूर्ति वर्मा का उस विशिष्ट भंडारगृह पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रण था, जहां कथित तौर पर नकदी छिपाई गई थी। जुलाई 2025 में, 200 से अधिक सांसदों ने न्यायाधीश को हटाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश और मुख्य निर्वाचन आयुक्त को केवल संसद द्वारा न्यायाधीश (जांच) अधिनियम में उल्लिखित प्रक्रिया के तहत ही हटाया जा सकता है। पिछले साल अगस्त में लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायाधीश जांच समिति का गठन किया था। हालांकि, संसद द्वारा पद से हटाए जाने की आशंका के बीच न्यायमूर्ति वर्मा ने पिछले



दिनों इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा दे दिया जिससे उनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्यवाही रुक गई। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और बर्खास्तगी की प्रक्रिया से परिचित लोगों ने बताया कि शीर्ष अदालत के एक फैसले के अनुसार किसी न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपने और उसकी प्रति सार्वजनिक करने के बाद माना जाता है कि उसने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि किसी न्यायाधीश का इस्तीफा राष्ट्रपति की स्वीकृति के अधीन नहीं होता। प्रक्रिया के अनुसार, राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक स्वीकृति दी जाती है जिसके बाद विधि मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा इसे अधिसूचित किया जाता है। न्यायमूर्ति वर्मा का नाम अब भी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में दर्ज है। उच्चतम न्यायालय के फैसले और पूर्व उदाहरणों के अनुसार न्यायमूर्ति वर्मा ने इस्तीफा दे दिया है और अब वह एक आम नागरिक हैं। प्रक्रिया से परिचित एक व्यक्ति ने बताया, इसके अनुसार, संसद द्वारा किसी पूर्व न्यायाधीश को पद से नहीं हटाया जा सकता। वैसे न्यायमूर्ति वर्मा पांच जनवरी, 2031 को 62 वर्ष की उम्र पूरी होने पर सेवानिवृत्त होते। जांच समिति ने उस समय काम शुरू किया था जब वर्मा न्यायाधीश पद पर थे और बाद में उनके इस्तीफे का समिति के काम पर कोई असर नहीं पड़ा। विशेषज्ञ ने स्पष्ट किया, जब समिति आरोपों की जांच करती है, तो इसे न्यायिक कार्य माना जाता है। उन्होंने अपने काम की रिपोर्ट प्रस्तुत की है... यह एक अलग लेकिन संबंधित मुद्दा है। उपरोक्त व्यक्ति ने कहा कि रिपोर्ट संसद में पेश होने के बाद यह देखना होगा कि सदन में क्या निर्णय लिया जाता है।

## केजरीवाल, सिसोदिया समेत आप नेताओं के खिलाफ एचसी का अवमानना नोटिस, जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा के खिलाफ किया था पोस्ट

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं को न्यायाधीश स्वर्ण कांत शर्मा के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित अपमानजनक टिप्पणियों और पोस्ट करने के मामले में अवमानना का नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी। मंगलवार को न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की खंडपीठ ने इस स्वतः संज्ञान अवमानना मामले में आप नेताओं दुर्गेश पाठक, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज सहित अन्य के खिलाफ भी नोटिस जारी किया। 14 मई को न्यायाधीश स्वर्ण कांत शर्मा ने आबकारी नीति से जुड़े मामले में



आप नेताओं द्वारा उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर चलाए गए कथित बदनामी अभियान पर संज्ञान लिया था। जस्टिस शर्मा ने कहा था कि केजरीवाल और अन्य नेताओं ने कानूनी रास्ता अपनाने के बजाय उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर जानबूझकर अपमानजनक पोस्ट और एडिटेड वीडियो वायरल किए, जिसमें उन पर राजनीतिक पक्षपात का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने इन पोस्ट को गंभीर अवमानना माना और स्वतः संज्ञान लेकर कार्यवाही शुरू की थी। यह फैसला उन सोशल मीडिया पोस्ट्स के आधार पर आया है, जिनमें जस्टिस शर्मा पर "राजनीतिक निष्ठा" रखने का आरोप लगाया गया था।

## सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में मिला 5 फुट लंबा धामन

(एजेंसी) मुंबई। अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में एक 5 फुट लंबा 'धामन' सांप यानी इंडियन रैट स्नैक रेंगता हुआ मिला। इस घटना से परिसर में हड़कंप मच गया। हालांकि, इस सांप से इंसानों को कोई खतरा नहीं होता। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कांस्टेबल ने तुरंत स्नेक रेस्क्यू एक्सपर्ट विक्की



दुबे को सूचना दी। विक्की दुबे मौके पर पहुंचे और पूरी सावधानी बरतते हुए सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़कर बाहर निकाल लिया। पूरे ऑपरेशन के दौरान किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही। मामले की जानकारी बांद्रा वेस्ट पुलिस स्टेशन और वन विभाग के कंट्रोल रूम को भी दी गई। पुलिस स्टेशन में इस घटना की आधिकारिक डायरी एंट्री भी कर ली गई है। बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जल विभाग के अनुसार, धामन सांप कृषि के लिए फायदेमंद है। इसे इंडियन रैट स्नेक भी कहा जाता है। यह पूरे भारत में आमतौर पर पाया जाने वाला बिना जहर का सांप है। यह चूहों, मेंढकों, छिपकलियों और छोटे जानवरों को अपना शिकार बनाता है। यह जहरीला नहीं होता, इसलिए इंसानों के लिए खास खतरा नहीं माना जाता, लेकिन इसके आकार और रंग के कारण लोग अक्सर डर जाते हैं। धामन सांप किसानों का महत्वपूर्ण मित्र है क्योंकि यह चूहों की आबादी को नियंत्रित करता है। इससे फसलों को होने वाले नुकसान से बचाव होता है। धामन सांप की रेंगने की गति काफी तेज होती है, इस वजह से इसे घोड़ा पछाड़ के नाम से भी जाना जाता है। इसकी औसत लंबाई 5 से 8 फीट तक होती है और वजन लगभग 2 किलोग्राम होता है। यह औसतन 15 वर्ष तक जीवित रहता है।

## जगह कम है तो सड़क पर नमाज पढ़ने में क्या दिक्कत

### -अखिलेश यादव का सीएम योगी को जवाब

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सड़क पर नमाज को लेकर एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर जगह कम है और कोई सड़क पर नमाज पढ़ रहा है, तो इसमें क्या दिक्कत है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए, इसके लिए नियम बने हुए हैं और इस मुद्दे पर राजनीतिक स्कोरिंग नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सबसे अधर्मी पार्टी अगर कोई है तो भाजपा है। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में अधिवक्ता संघ के विरोध प्रदर्शन का जिक्र भी किया। अखिलेश ने कहा कि अधिवक्ता संघ के लोग विरोध करने निकले थे, लेकिन उन पर लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन करने वालों के हाथ में रामचरित मानस थी, फिर भी उन्हें पीटा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा



अखिलेश ने कहा कि अगर भाजपा खुद को सनातनी कहती है तो उसे वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी को अपनाने की बात करती है। सड़क पर नमाज के मुद्दे पर आगे बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि सड़कें और चौड़ी हों। जानबूझकर इस तरह के मुद्दे उठा रही है ताकि असली मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि बहस जनता के मुद्दों पर होनी चाहिए, लेकिन भाजपा उसे दूसरी दिशा में ले जाना चाहती है। अखिलेश ने कहा कि कौन सड़क पर नमाज पढ़ रहा है और अगर पढ़ भी रहा है तो जगह कम होने की वजह से ऐसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है कि विपक्ष दूसरे मुद्दों में उलझा रहे, लेकिन अब विपक्ष ने भी भाजपा की राजनीति को समझ लिया है। उन्होंने यह भी साफ किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बयान भी इसी कार्यक्रम में आया था, जहां उन्होंने सड़क पर नमाज को लेकर अपनी बात रखी थी।

## उत्तराखंड के पूर्व सीएम और भाजपा के वरिष्ठ नेता बीसी खंडूरी का निधन, लंबे समय से थे बीमार

(एजेंसी) देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता भुवन चंद्र खंडूड़ी का मंगलवार को निधन हो गया है। वह 90 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। उनकी पुत्री एवं राज्य विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण ने उनके निधन की सूचना सोशल मीडिया पर साझा की। राज्य गठन के बाद खंडूरी ने चौथे मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उसके बाद दुबारा उन्हें छठे मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। वर्ष 1990 में वह सेना की इंजीनियर कोर से मेजर जनरल के पद से सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद उन्हें भाजपा के दिग्गज नेता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने लोकसभा का टिकट पौड़ी गढ़वाल क्षेत्र से दिया। केंद्र में वाजपेई के प्रधानमंत्रित्व वाली सरकार में उन्हें राज्यमंत्री का दायित्व भी दिया गया। वह ईमानदार मिजाज के नेताओं में शुमार थे। दिवंगत खंडूरी का जन्म एक अक्टूबर 1934 को हुआ था। उन्होंने 1954 से 1991 तक भारतीय सेना की'इंजीनियर्स कोरश्में एक शानदार करियर के रूप में अपनी सेवाएं दीं। सेना में उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए उन्हें'अति विशिष्ट सेवा मेडलश से सम्मानित किया गया था। भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खंडूरी जी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन एवं समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सार्वजनिक जीवन में भी उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई। उन्होंने प्रदेश हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेकर विकास को नई दिशा प्रदान की।

# सम्पादकीय

## प्रधानमंत्री की अपील का ज़मीन पर हो रहा है असर

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और उससे उपजे वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने 'मेरा भारत.मेरा योगदान' नाम से एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की घोषणा की है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी परिपत्र में कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया है। पत्र में वर्तमान हालात को देखते हुए विदेशी मुद्रा की बचत और भंडार बढ़ाने को प्राथमिकता बताया गया है। इसी के तहत नागरिकों से कम से कम एक वर्ष तक सोना खरीदने से बचने और गैर–जरूरी विदेशी यात्राएं टालने की अपील की गई है। साथ ही 'वोकल फॉर लोकल' और घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।



नफीस जाफरी

मालूम हो कि मध्यपूर्व एशिया में युद्ध की वजह से कच्चे तेल और गैस की सप्लाई बुरी तरह से बाधित हुई है। इसकी वजह से भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर बहुत बुरा असर पड़ा है। युद्ध शुरू होने से पहले भारत आयात होने वाला करीब 40 प्रतिशत कच्चा तेल, 50 प्रतिशत स्छ्ळ और 90 प्रतिशत स्छ्ळ स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिये यहां पहुंचता था, जो पिछले करीब 80 दिनों से बुरी तरह बाधित है। इसी कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से अपील की थी कि सोना खरीदने, पेट्रोल–डीजल–गैस की बचत और स्वदेशी अपनाने जैसी 7 रणनीतिक कदमों का असर देश भर में देखा जा रहा है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने अपने काफिले को कम कर दिया। जनता ने भी भागीदारी शुरू कर दी। इसी क्रम में बीते दिनों दिल्ली में प्रमुख व्यापारिक नेताओं का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। इस सम्मेलन में पश्चिम एशिया में जारी संकट तथा बदलते वैश्विक भू–राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें 27 राज्यों के व्यापारी और उद्योगपति शामिल हुए थे। इस अवसर पर वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, अगर हम अपनी गाड़ियों से गैर–जरूरी ट्रेवल कम करते हैं और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो अच्छा होगा। भारत में अब अच्छी इलेक्ट्रिक गाड़ियां भी बन रही हैं। जब आप गाड़ी सर्विस करने जाते हैं तो थ्नमस प्दरमबजपवद" लेजमउ को जरूर बदलें, इससे यूल की बचत होगी। इंडस्ट्री में थ्नतदंबम व्पस, जितना कम इस्तेमाल किया जाए, वो बेहतर होगा। खाड़ी संकट का हवाला देते हुए पीयूष गोयल ने कहा, पश्चिम एशिया में पिछले कई महीनो से युद्ध चल रहा है। ये अनिश्चितता का काल है, लेकिन इस दौरान भारत एक थ्ये पद क्मेमतज बना हुआ है। पिछले साल एक्सपोर्ट 865 बिलियन डॉलर रहा। आने वाले वर्ष में एक्सपोर्ट बढ़ाकर 1 ज्तपससपवद क्वससंत करने का लक्ष्य तय किया है। हम सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के मुताबिक, इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से निपटने के लिए, सम्मेलन में घरेलू सप्लाई को मजबूत बनाने, लॉजिस्टिक लागत कम करने, स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने, निर्यात में वृद्धि करने, रेलवे एवं मल्टीमॉडल फ्रेट सिस्टम के अधिक उपयोग, डिजिटल व्यापार प्रणाली को प्रोत्साहन देने तथा आत्मनिर्भर भारत के विजन को गति देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इसका उद्देश्य व्यापार एवं उद्योग जगत के भीतर इन रणनीतिक कदमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक रोडमैप तैयार करना है, ताकि व्यापारियों, एमएसएमई, निर्माताओं, स्टार्टअप्स एवं उद्योग जगत की भूमिका को एक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं लचीली भारतीय अर्थव्यवस्था के निर्माण में और अधिक मजबूत किया जा सके। इस मौके पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने "भारतीय व्यापार महोत्सव" की आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च किया। पीयूष गोयल ने कहा, देश का पहला भारतीय व्यापार महोत्सव देश में स्वदेशी की भावना को मजबूत करने का, स्वदेशी प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मौका होगा। 15 अगस्त को हम आजादी के 80वें साल में प्रवेश कर जाएंगे। महात्मा गांधी और दूसरे राष्ट्र निर्माताओं ने स्वदेशी प्रोडक्ट्स को काफी महत्व दिया था। अब फिर यह समय आ गया है कि देश में स्वदेशी की भावना को और मजबूत किया जाए। देश के विभिन्न राज्यों, व्यापारिक संगठनों एवं विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 150 प्रमुख व्यापारिक नेता इस सम्मेलन में भाग लेंगे। पीयूष गोयल ने व्यापारी नेताओं को आगाह किया कि उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारतीय व्यापार महोत्सव में सिर्फ स्वदेशी सामान ही प्रदर्शित किया जाए, क्योंकि इस महोत्सव में गैर–स्वदेशी सामान लाकर भारत की छवि को बदनाम करने की कोशिश हो सकती है।

## तेल बाजार पर अमेरिका की पकड़ मजबूत होगी

चूंकि यूएई अब स्वतंत्र रूप से तेल का उत्पादन और बिक्री करेगा, अतरू खरीदार देशों के पास सौदेबाजी के लिए ओपेक में बचे 11 और ओपेक+ के 22 देशों के अतिरिक्त भी एक विकल्प उपलब्ध हो जाएगा। ईरान और अमेरिका– इजराइल के युद्ध से दुनिया– खास कर पश्चिम एशिया में– कई तरह के ढांचागत बदलावों के संकेत उभरे हैं। उस दिशा में पहली ठोस खबर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तेल उत्पादक देशों के संगठनों ओपेक एवं ओपेक+ से अलग होने के रूप में आई है। यूएई के इस फैसले का अर्थ है कि विश्व तेल बाजार अब पहले जैसा नहीं रह जाएगा। मासिक उत्पादन का कोटा तय कर मूल्य नियंत्रित करने की इन संगठनों की ताकत को अब तगड़ा झटका लगा है। इसका सबसे खराब असर सऊदी अरब पर पड़ेगा, जो ओपेक की धुरी रहा है। चूंकि यूएई अब स्वतंत्र रूप से तेल का उत्पादन और बिक्री करेगा, अतरू खरीदार देशों के पास सौदेबाजी के लिए ओपेक में बचे 11 और ओपेक+ के 22 देशों के अतिरिक्त भी एक विकल्प उपलब्ध हो जाएगा। अमेरिका के एक बड़े तेल उत्पादक के रूप में उभरने और वेनेजुएला के तेल भंडारों पर उसका कब्जा होने के बाद ओपेक+ ढांचे के अलावा पहले ही एक बड़े विक्रेता के रूप में वह मौजूद हो चुका है। कयास है कि यूएई अमेरिका से तालमेल कर तेल की कीमतें तय करेगा। इससे तेल बाजार पर अमेरिका की पकड़ मजबूत होगी। बहरहाल, तेल बाजार में आ रहे इस ढांचागत बदलाव के साथ–साथ विभिन्न देशों के ऊर्जा बास्केट में भी बड़े परिवर्तन के अनुमान हैं। इनके मुताबिक इस बास्केट में ग्रीन एनर्जी, परमाणु ऊर्जा, और कोयला की जगह बढ़ने जा रही है। इससे दीर्घकाल में कच्चे तेल की मांग में गिर सकती है। इस संभावना को लेकर बड़ी तेल कंपनियां चिंतित हैं। फिर पश्चिम एशिया– खास कर खाड़ी क्षेत्र के समीकरणों में भी बदलाव की ठोस गुंजाइशें हैं। वहां अनेक देशों में ईरान के साथ सुरक्षा समझौते की संभावनाओं पर चर्चा हो रही है। इसके साथ ही तेल, गैस, एवं अन्य कारोबार की मुद्रा में क्रमिक परिवर्तन अब ठोस रूप ग्रहण कर रह है। चीन की मुद्रा युवान को डॉलर का विकल्प मानने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। ये सारे बुनियादी परिवर्तन हैं। इनके ठोस आकार लेने के बाद दुनिया 28 फरवरी के पहले जैसी नहीं रह जाएगी।

# उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव कराने का रास्ता साफ़



गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है। यूपी की योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट ने पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन का ऐलान कर दिया है। कैबिनेट मीटिंग में नए ओबीसी आयोग को मंजूरी मिली। आयोग ही पंचायत चुनाव में आरक्षण तय करेगा। हालांकि अब 26 मई तक पंचायत चुनाव कराना संभव नहीं लग रहा है। आयोग छह महीने में अपनी रिपोर्ट देगा। ऐसे में चुनाव अब मार्च में विधानसभा चुनाव के बाद ही संभव लग रहे हैं। उत्तर प्रदेश त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ओबीसी आयोग सभी 75 जिलों में बैठक, जातिवार और आर्थिक आंकड़ों की समीक्षा के बाद ही आरक्षण संबंधी अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर पंचायत चुनाव आरक्षण की जो सिफारिशें आएंगी, उस पर फिर राजनीतिक दलों और अन्य संबंधित पक्षों से आपत्तियां मांगी जाएगी, जिनके निस्तारण करने में भी एक महीने का वक्त लग सकता है। ऐसे में पंचायत चुनाव हाल फिलहाल होना मुश्किल लग रहा है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने पंचायत चुनाव की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया है। इसके साथ ही योगी सरकार ने पंचायत चुनाव की एक अड़चन को दूर कर दिया है। प्रदेश के पंचायत राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के मुताबिक आयोग को रिपोर्ट देने के लिए छह महीने का समय दिया गया है। सरकार के मुताबिक यह आयोग माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में त्रिस्तरीय पंचायत निकायों में आरक्षण देने के लिए पिछड़ेपन की प्र.ति और प्रभावों की समकालीन, सतत, अनुभव जन्य जांच और अध्ययन करेगा. सरकार की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक प्रदेश में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए त्रिस्तरीय पंचायतों में आरक्षित पदों की संख्या का अनुपात कुल



पदों की संख्या से जहां तक हो सके वहीं होगा, जो राज्य की अनुसूचित जातियों की या राज्य की अनुसूचित जनजातियों की या राज्य के पिछड़े वर्गों की जनसंख्या का अनुपात राज्य की कुल जनसंख्या से है.त्रिस्तरीय पंचायतों में ओबीसी आरक्षण पदों की कुल संख्या के 27 फीसदी से अधिक नहीं होगा। उत्तर प्रदेश सरकार जिस समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन करेगी उसमें पांच सदस्य नियुक्त किए जाएंगे। ये सदस्य ओबीसी वर्ग के मामलों के जानकार होंगे। हाई कोर्ट का कोई रिटायर्ड जज आयोग के अध्यक्ष पद का जिम्मा संभालेगा। आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल उनकी नियुक्ति से छह महीने तक के लिए होगा. आयोग का मुख्यालय लखनऊ होगा. यह आयोग उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से अलग होगा। इसका काम केवल ग्रामीण स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण से जुड़े अध्ययन करना ही होगा। अपने गठन के बाद आयोग प्रदेश के सभी 75 जिलों के गांवों में जाकर ओबीसी आबादी का आनुपातिक डेटा और उनके पिछड़ेपन की स्थिति का सर्वे करेगा। इस सर्वे के आधार पर आयोग प्रदेश सरकार को सौंपेगा। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर पंचायती राज विभाग प्रदेश की ग्राम पंचायतों,ब्लॉक पंचायतों और जिला पंचायत सदस्यों की सीटों के लिए आरक्षण का रोटेशन जारी करेगा। विभाग उस पर लोगों की आपत्तियां मांगेगा. उन आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के दिशा–निर्देशों के मुताबिक पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए प्रदेश सरकार को एक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग बनाना होता है. यह आयोग स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्गों की सामाजिक, राजनीतिक और प्रतिनिधित्व संबंधी स्थिति का अध्ययन करता है. आयोग यह भी पता लगाता है कि किस जिले, पंचायत में पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व कितना है और वहां आरक्षण की वास्तविक जरूरत कितने की है। इसके लिए जनसंख्या, सामाजिक स्थिति और चुनावी प्रतिनिधित्व के आंकड़ों का अध्ययन किया जाता है। यहां यह बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने यह कदम हाई कोर्ट की ओर से अवमानना का नोटिस जारी होने के बाद उठाया है। दरअसल अप्रैल के अंतिम हते में इलाहाबाद हाई कोर्ट के लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति सौरभ लावणिया ने पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव को अवमानना नोटिस जारी कर आगामी पंचायत चुनाव के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आयोग के गठन की समयसीमा पर सफाई मांगी थी। इस मामले की अगली सुनवाई 19 मई को होनी है। प्रदेश सरकार ने अदालत से कहा था कि आयोग के गठन की प्रक्रिया चल रही है। इस आश्वासन पर अदालत ने चार फरवरी एक याचिका का निपटारा कर दिया था। लेकिन आयोग के गठन में देरी पर अदालत ने अवमानना का नोटिस जारी किया था।

# केरलम का " पेंच सुलझा", कर्नाटक की कलह का क्या होगा?




कांग्रेस की परेशानियां खत्म ही नहीं होती हैं। जैसे ही 10 दिन तक चले मंथन के बाद तीन दावेदारों में से एक को कांग्रेस ने केरलम के मुख्यमंत्री के लिए चुना, वैसे ही पड़ोस के राज्य कर्नाटक में राजनीतिक चुनौती एक बार फिर से चर्चा के केंद्र में आ गई है। बताया जा रहा है कि कर्नाटक कांग्रेस के भीतर सत्ता को लेकर चल रही खींचतान एक बार फिर से शुरू हो गई है। पिछले साल कर्नाटक में चली खींचतान को कुछ समय के लिए ठंडे बस्ते में डाल दिया था, क्योंकि पार्टी ने अपना पूरा ध्यान चुनावी राज्यों पर लगा दिया था। नवंबर में पिछले साल एक बड़ा टकराव तब सामने आया था, जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच कथित तौर पर सत्ता को लेकर खींचतान शुरू हो गई थी। उस वक्त कांग्रेस हाईकमान किसी ठोस समाधान पर पहुंचे बिना ही इस संकट को टालने में कामयाब रहा था। अब जब केरल का मसला काफी हद तक सुलझ चुका है, तो पार्टी का ध्यान एक बार फिर से कर्नाटक की ओर मुड़ गया है, जहां मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच चल रही राजनीतिक लड़ाई एक बार फिर से तेज होती नजर आ रही है। जहां एक ओर सिद्धारमैया कैबिनेट में फेरबदल और खाली पड़े मंत्री पदों को भरने पर जोर दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शिवकुमार इस मौजूदा कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षाओं को लगातार पाले हुए हैं। कांग्रेस के गलियारों में यह धारणा जोर पकड़ रही है कि इस मोड़ पर कैबिनेट में फेरबदल होने से नेतृत्व परिवर्तन की शिवकुमार की उम्मीदें कमजोर पड़ सकती हैं। खासकर तब, जब सिद्धारमैया सरकार और विधायक दल पर अपनी पकड़ मजबूत करने में कामयाब हो जाते हैं। इसके साथ ही, माना जा रहा है कि सिद्धारमैया खेमा वेट एंड वॉच की रणनीति अपना रहा है, जबकि शिवकुमार खेमा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को पहले हुए कथित सत्ता–साझाकरण समझौते की लगातार याद दिला रहा है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर दबाव बढ़ाने का काम कई ऐसे कांग्रेस विधायक भी कर रहे हैं, जो कैबिनेट विस्तार या फेरबदल की स्थिति में मंत्री पद







पाने की आस लगाए बैठे हैं और इसके लिए जोरदार लॉबिंग कर रहे हैं। आने वाले कुछ दिनों में, कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व कर्नाटक के राजनीतिक घटनाक्रम पर पैनी नजर रखेगा, ताकि सरकार की स्थिरता और सुचारू कामकाज को सुनिश्चित किया जा सके। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दतर के बाहर और राज्य के कई हिस्सों में लगे पोस्टरों से नई अटकलें तेज हो गई हैं। इन पोस्टरों में शिवकुमार को उनके जन्मदिन की बधाई दी गई है, और कुछ पोस्टरों में उन्हें कर्नाटक का अगला मुख्यमंत्री बताया गया है। मैसूर में, शिवकुमार के समर्थकों ने एक बर्थडे केक भी काटा, जिसमें उन्हें अगले मुख्यमंत्री के तौर पर दिखाया गया था। कांग्रेस आलाकमान के लिए, अंतिम फैसले में देरी करना अब तक सबसे सुरक्षित राजनीतिक रणनीति साबित हुई थी। हालांकि, विरोधी खेमों के लगातार दबाव डालने और राजनीतिक संकेतों के ज्यादा से ज्यादा सार्वजनिक होने के कारण, अनिश्चित काल तक टालमटोल करने की गुंजाइश अब कम होती दिख रही है। कोई भी फैसला चाहे वह सिद्धारमैया के नेतृत्व को जारी रखने के पक्ष में हो या डीके शिवकुमार को सत्ता सौंपने के पक्ष में– किसी न किसी गुट से राजनीतिक विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

# सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा - चुनाव आयोग की 'स्वतंत्रता को लेकर यह दिखावा क्यों?'

डॉ. ज्ञान पाठक

विपक्ष हमेशा से यह दावा करता रहा है कि भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नियंत्रित कर रहे हैं और ईसीआई यह पक्का करने के लिए काम कर रहा है कि देश में भाजपा चुनाव जीते। अब भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा है कि ईसीआई की श्स्वतंत्रता को लेकर यह दिखावा क्यों?श यह सवाल हमें फिर से सोचने पर मजबूर करता है कि क्या मोदी के जमाने में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हैं, विशेषकर पिछले कई सालों में सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों और टिप्पणियों के आलोक में? सर्वोच्च न्यायालय अभी चीफ इलेक्शन कमिश्नर एंड अदर इलेक्शन कमिश्नर (अपॉइंटमेंट, कंडीशंस ऑफ सर्विस और टर्म ऑफ ऑफिस) एक्ट, 2023 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जो 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पास हुआ था। बेंच ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव एक सचमुच स्वतंत्र ईसीआई पर ही निर्भर करते हैं। सुनवाई के दौरान बेंच ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति में श्एक भी बिल्कुल निष्पक्ष व्यक्तिश की गैरमौजूदगी की ओर इशारा किया। कमेटी में कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी पर भी बेंच ने सवाल उठाया और कहा कि ऐसे मंत्री से प्रधानमंत्री की बात न मानने की उम्मीद नहीं की जा सकती, और पूछा कि क्या कमेटी में विपक्ष के नेता की मौजूदगी सिर्फ श्दिखावटीश है। चूंकि मुख्य और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कार्यपालिका द्वारा 2रू1को बहुमत से असरदार तरीके से की जा सकती है, तो चुनाव आयुक्तों की श्आजादी का यह दिखावा क्यों? बेंच ने कहा कि अगर भारत के मुख्य न्यायाधीश सीबीआई निदेशक की नियुक्ति प्रक्रिया का हिस्सा हो सकते हैं, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों के लिए एक स्वतंत्र प्रक्रिया क्यों नहीं अपनायी जा सकती, जो ज्यादा जरूरी है क्योंकि इसका सीधा संबंध –लोकतंत्र और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को बनाए रखने से है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि ईसीआई को न सिर्फ निष्पक्ष होना चाहिए बल्कि अपने काम में निष्पक्ष दिखना भी चाहिए। यह ध्यान देने वाली बात है कि पहले मुख्य न्यायाधीश चयन समिति का हिस्सा हुआ करते थे लेकिन मोदी सरकार ने सीजेआई को इस कमेटी से हटा दिया। मौजूदा ढांचे के तहत, सरकार श्अपनी पसंद के व्यक्ति को नियुक्त कर सकती है। इसलिए मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियां जनता को भरोसेमंद नहीं लगतीं। बेंच के इस टिप्पणी का राजनीतिक महत्व है क्योंकि इसने ईसीआई पर कार्यपालिका के असर, भेदभाव दिखने, और क्या स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए संस्थागत सुरक्षा को कमजोर किया जा रहा है, इस बारे में गंभीर न्यायिक चिंता का संकेत दिया है। हाल ही में हुए पश्चिम बंगाल चुनाव ने चुनाव और नियुक्तियों के बीच सीधा संबंध दिखाया है। एसआईआर के लिए विशेष पर्यवेक्षक और राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी कथित तौर पर भाजपा के प्रति लॉयल रहे और पार्टी को जीतने में मदद की, और जब भाजपा जीती, तो उनको नई राज्य सरकार का सलाहकार और मुख्य सचिव नियुक्त किया गया।राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से दिखाया था कि कैसे कर्नाटक और हरियाणा में भाजपा के पक्ष में राज्य के चुनावी नतीजों को प्रभावित करने के लिए दूसरे राज्यों के वोटरों को जोड़कर मतदाता सूची में हेरफेर किया गया था। मतदाताओं को कानून के आधार पर जोड़ा गया था। इस खुलासे के बाद, भाजपा के ईशारे पर ईसीआई ने बिहार में एसआईआर शुरू किया, और मतदाता सूची की सफाई के नाम पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से हटाये गये। सर्वोच्च न्यायालय ने लाखों मतदाताओं को सूची में शामिल करवाने के लिए दखल दिया, लेकिन अनेक मतदाता सूची से बाहर रह गए और वोट नहीं दे सके। इससे भाजपा को बिहार और हाल ही में पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतने में मदद मिली। पश्चिम बंगाल के मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव परिणाम से परेशान टीएमसी को अलग केस फाइल करने को कहा है। ज्ञातव्य हो कि सर्वोच्च न्यायालय एसआईआर के तहत केस की भी सुनवाई कर रहा है, लेकिन अभी तक कोई आखिरी फैसला नहीं आया है। इस तरह भाजपा चुनाव जीतती जा रही है, और सर्वोच्च न्यायालय अभी भी केस की सुनवाई ही कर रहा है। यह एक सामाजिक राजनीतिक चिंता है जो सर्वोच्च न्यायालय के दायरे से बाहर है, क्योंकि इसके चुनी हुई सरकार की स्थिति पर फैसला करने की संभावना नहीं है, भले ही बाहर किए गए वोटरों के नाम आखिरकार वोटर लिस्ट में शामिल हो जाएं। हम ऐसा पूर्व के उदाहरणों के आधार पर कह सकते हैं, जिनमें भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मोदी सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को गैर–संवैधानिक पाया जाना भी शामिल है। लेकिन उन चुनावों की स्थिति पर कुछ फैसला नहीं किया जो इस स्कीम द्वारा गैर–संवैधानिक रूप से इकऋा किए गए पैसे से लड़े गए थे। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संभावना तो असल में तभी समाप्त हो गई थी, जब हम इस बात पर गौर करते हैं कि चुनावी मुकाबले संरचनात्मक रूप से कितने असमान हो गए हैं। मोदी सरकार ने चुनावों के लिए श्समान अवसरश देने से इनकार कर दिया हैय और चुनाव आयोग इस पर कुछ भी नहीं कर रहा है। मोदी सरकार पर यह आरोप भी लगे हैं कि उसने चुनावों से पहले और चुनावों के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया, जिसका एकमात्र उद्देश्य उनके राजनीतिक अभियानों में बाधा डालना था। मीडिया और पैसे तक पहुंच के मामले में भी भारी असमानता देखने को मिली है। सरकार पर सरकारी मीडिया और प्रशासन का दुरुपयोग करने का आरोप भी लगाया गया है। इसी पृष्ठभूमि को देखते हुए, भारत को देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के मामले में ईसीआई की निष्पक्षता पर लोगों का भरोसा फिर से बहाल करने की कोशिश करनी चाहिए। हम आलोचकों, विपक्षी दलों, पूर्व चुनाव आयुक्तों, संवैधानिक विशेषज्ञों और आम लोगों के उन दावों को नजरअंदाज नहीं कर सकते, जिनमें यह कहा गया है कि ईसीआई अब मोदी सरकार के साथ ज्यादा से ज्यादा जुड़ा हुआ नजर आ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणियां इस बात का संकेत देती हैं कि ईसीआई की स्वतंत्रता और स्वायत्तता से समझौता किया गया है। जमानत नियम है और जेल अपवाद। न्याय का यह बड़ा सिद्धांत सोमवार को एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय में सुनाया गया और इसके साथ ही पिछले पांच सालों से जेल में बंद उमर खालिद की जमानत का प्रकरण भी चर्चा में आ गया। शीर्ष अदालत ने कहा कि, बेल नियम और जेल अपवाद, यह सिद्धांत गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए मामलों में भी लागू होता है। इसके साथ अदालत ने जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद को जमानत देने से इनकार करने वाले अपने ही पुराने फैसले पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अदालत की 18 मई की इस टिप्पणी को यूएपीए मामलों में लंबित जमानत याचिकाओं के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी एक अन्य यूएपीए मामले में आरोपी सैयद इफ्तिखार अंद्राबी को जमानत देते समय की। अंद्राबी पर मादक पदार्थों की सप्लाई के जरिए आतंकवाद को फंडिंग करने का आरोप है और वह पिछले छह वर्षों से जेल में बंद था। सुनवाई के दौरान अदालत ने 2021 के भारत संघ बनाम के ए नजीब मामले में ऐतिहासिक फैसले का उल्लेख किया। उस फैसले में तीन–जजों की पीठ ने कहा था कि यदि किसी आरोपी के मौलिक अधिकार, विशेष रूप से शीघ्र सुनवाई के अधिकार का उल्लंघन हो रहा हो, तो संवैधानिक अदालतें यूएपीए जैसे कठोर कानूनों के तहत भी जमानत दे सकती हैं। केरल में एक कॉलेज प्रोफेसर पर ईशनिंदा के नाम पर हमले का आरोप पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के सदस्य के ए नजीब और साथियों पर लगा। 2010 की इस घटना में पांच साल तक फरार रहने के बाद के ए नजीब को आखिरकार 2015 में गिरफ्ध्तार किया गया। 2016 से 2021 के बीच नजीब की जमानत याचिकाएं बार–बार खारिज होती रहीं, आखिर में केरल हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी क्योंकि वह पहले ही चार साल तक विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में रह चुका था। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ अपील की, जहां अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने दलील दी कि सामान्य आपराधिक कधनून के तहत जमानत देने के मानदंड यूएपीए या अन्य विशेष कानूनों के मामलों में लागू नहीं होंगे। इस मामले में विचाराधीन कैध्दी के रूप में नजीब के साढ़े पांच साल जेल में बिताना एक अहम पहलू बन गया था। नजीब के केस में अदालत ने शाहीन वेलफेयर एसोसिएशन बनाम भारत सरकार मामले का हवाला देते हुए कहा कि मुकध्दमे में श्अत्यधिक देरीश अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। उमर खालिद को सितंबर 2020 में फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों की कथित श्बड़ी साजिशश मामले में गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस ने उन पर सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान भड़काऊ भाषण देने और हिंसा की पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा होने का आरोप लगाया था। उन पर यूएपीए के अलावा भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया। हालांकि खालिद ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि दंगे भड़कने के समय वह दिल्ली में मौजूद नहीं थे। इसके बाद भी खालिद को कई बार की अपीलों के बावजूद जमानत नहीं दी गई। इस साल जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया था, जबकि गुलफिशा फातिमा और मीरान हेदर समेत पांच अन्य आरोपियों को राहत दी गई थी। अदालत ने उस समय कहा था कि उमर खालिद और शरजील इमाम की भूमिका अन्य आरोपियों के मुकाबले श्गुणात्मक रूप से अलगश है और उनके खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया सही लगते हैं। फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने उमर खालिद और शरजीत इमाम पर इस बात के लिए रोक लगा दी है कि वो अब एक साल तक जमानत के लिए आवेदन भी नहीं कर सकते। लेकिन 18 मई को उसी फैसले की समीक्षा करते हुए सुप्रीम कोर्ट की एक दूसरी बेंच ने जमानत न देने को गलत माना है। अदालत ने कहा कि जनवरी 2026 में दिए गए उस फैसले में यूएपीए के तहत लंबी अवधि की कैद और शीघ्र सुनवाई के अधिकार से जुड़े सिद्धांतों को सही तरीके से लागू नहीं किया गया। जस्टिस उज्जल भुइयां ने 18 मई को फैसले में कहा कि उमर खालिद मामले में अपनाए गए नजरिए (जजमेंट) को स्वीकार करना कठिन है, क्योंकि इसमें यूएपीए की कठोर जमानत शर्तों की व्याख्या 2021 के बड़े पीठ के फैसले से अलग तरीके से की गई।

# ट्रैक पर पड़ा रहा शव, एक घंटे तक रुकी पैसेंजर ट्रेन

फोटो परिचय

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। रेलवे ट्रैक पार करते समय एक युवक मालगाड़ी की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के चलते कुछ समय के लिए रेल संचालन भी प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर जीआरपी और रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर शव को ट्रैक से हटवाया। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन के पास डबल फाटक पुल के नीचे डाउन लाइन पर करीब 35 वर्षीय अज्ञात युवक अचानक मालगाड़ी के सामने आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से युवक के शरीर के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रैक पर शव पड़े होने के कारण सहारनपुर–मुरादाबाद मेमो पैसेंजर ट्रेन को नजीबाबाद स्टेशन पर रोकना पड़ा। रेलवे कर्मचारियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद ट्रैक को साफ कराया, जिसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया। स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी प्रभारी कमाल किशोर व उपनिरीक्षक राहुल यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि युवक संभवतः घुमंतू प्रवृत्ति का हो सकता है। मामले की जांच जारी है।

# परिजनों की शिकायत पर धर्म परिवर्तन मामले की जांच शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। थाना क्षेत्र के गांव खानजहांपुर बहादर निवासी .ष्ण कुमार का पुत्र विशाल करीब तीन वर्ष पहले गांव काजीवाला निवासी वसीम के साथ रोजगार के सिलसिले में कश्मीर गया था, जहां वह सैलून में काम करता था। परिजनों का आरोप है कि 15 मई को विशाल का धर्म परिवर्तन करा दिया गया। सोमवार को .ष्ण कुमार पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और मामले की शिकायत की। शिकायत में आरोप लगाया गया कि युवक का सुनियोजित तरीके से मजहब बदलवाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच सीओ सिटी को सौंप दी। बताया गया कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बाद मामले का खुलासा हुआ। वीडियो में कश्मीर के गांदरबल जिले स्थित एक मस्जिद में युवक को कलमा पढ़वाते हुए दिखाया गया है। वहीं दूसरे वीडियो में युवक फूल मालाएं पहने कुछ लोगों के साथ दिखाई दे रहा है। वायरल वीडियो के बाद परिजनों ने युवक से संपर्क किया तो उसने हिंदू धर्म में वापस नहीं आने की बात कही। पुलिस ने तहरीर के आधार पर काजीवाला निवासी वसीम तथा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कालागढ़ रेंज में बाघ का शव मिलने से हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

कालागढ़, बिजनौर। कार्बेट टाइगर रिजर्व की कालागढ़ रेंज में एक बाघ का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। गश्ती दल को सहायक नाले में पड़े बाघ के शव की सूचना मिलने पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में कॉम्बिंग अभियान चलाया गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को कालागढ़ रेंज के धारा सोत क्षेत्र में गश्त के दौरान वन कर्मियों को एक नाले में बाघ का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी एनके रूवाली ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद कार्बेट टाइगर रिजर्व के उप निदेशक राहुल मिश्रा और पार्क वार्डन बिंदरपाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आसपास के क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाने के निर्देश दिए। बाद में वन विभाग की मौजूदगी में पशु चिकित्सकों की टीम ने बाघ के शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में कार्बेट टाइगर रिजर्व के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा और हल्द्वानी से पहुंचे वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल सती शामिल रहे। वन विभाग ने बाघ के शव का निस्तारण भारतीय राष्ट्रीय व्याघ्र प्राधिकरण की गाइडलाइन के अनुसार कराया। मामले की जांच की जा रही है।

# ऑनरेरी कैप्टन राजेंद्रराव महाडिक को भावभीनी श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो

थाने। भारतीय सेना के सम्मानित और जांबाज सैन्य अधिकारी स्व. ऑनरेरी कैप्टन राजेंद्रराव रामचंद्रराव महाडिक कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से वीरतापूर्वक लड़ते हुए पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके आकस्मिक निधन से सैन्य जगत, शुभचिंतकों और समाज में शोक की गहरी लहर है।



उनकी स्मृति में आयोजित शोकसभा में देश के विभिन्न हिस्सों से आए सैकड़ों जवानों, परिजनों और प्रबुद्ध नागरिकों ने नम आंखों से इस महायोद्धा को विदाई दी। शोकसभा का .श्य तब अत्यंत मार्मिक हो उठा, जब मंच पर लगी विशाल एलईडी स्क्रीन पर उनकी सैन्य वर्दी वाली तस्वीर उभरी। वन अधिकारी संदीप सीताराम मोरे ने व्यथित हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, स्क्रीन पर आपकी यह मिलिट्री वाली छवि हमारे सीने को गर्व से भर देती है और आंखें आंसुओं से नम हो जाती हैं। हमें हमेशा सर–सर कहकर पुकारने वाली वह आत्मीय आवाज अब सदा के लिए मौन हो गई। उन्होंने इस कठिन समय में महाडिक परिवार के साथ निरंतर खड़े रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर 15 मराठा सैन्य बटालियन के जवानों ने अपने प्रिय अधिकारी को याद कर भावुक संस्मरण साझा किए। वक्ताओं ने उन्हें एक ऐसा चंदन का वटवृक्ष बताया, जिसकी छत्रछाया ने पूरे परिवार और समाज को संस्कारित किया। अंत में, उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की चिरशांति के लिए प्रार्थना की। देश की सीमाओं और कारगिल जैसे युद्धों में उनका अतुलनीय योगदान सदैव भावी पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

# लखनऊ में 31 मई को इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड्स-2026 का आयोजन

## - बॉलीवुड व भोजपुरी कलाकारों का जमावड़ा, 151 विभूतियां होंगी सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो




लखनऊ। पल्लव चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी एवं भव्य फिल्म्स प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में 31 मई रविवार को इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड्स–2026 सीजन–4 का आयोजन होगा। कार्यक्रम होटल द लिली विलास लखनऊ में होगा बॉलीवुड–भोजपुरी का जमावड़ा इस कार्यक्रम में बॉलीवुड एवं भोजपुरी फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों का जमावड़ा देखने को मिलेगा। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चौहान भाभी जी घर पर हैं एवं हप्पू की उलटन–पुलटन फेम बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट शामिल होंगी। विभिन्न क्षेत्रों में उ.ष्ट कार्य करने वाली 151 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा सम्मानित होने वालों में पत्रकार, डॉक्टर शिक्षक वकील फिल्म कलाकार गीत–संगीत से जुड़े कलाकार व्यापारी वर्ग समाजसेवी एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग शामिल होंगे मुख्य अतिथि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह को आमंत्रित किया गया है विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुराग अग्रवाल, धनंजय सिंह एवं संदीप सनातनी को आमंत्रण भेजा गया है। सांस्.तिक प्रस्तुतियां भी सम्मान समारोह के साथ डांस, सिंगिंग, एक्टिंग, मिमिक्री, कॉमेडी सहित अन्य मनोरंजक प्रस्तुतियां भी होंगी। किसी भी क्षेत्र में उ.ष्ट कार्य करने वाले इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं रजिस्ट्रेशन हेतु 8707038023, 9839134053, 8004740573 पर संपर्क कर सकते हैं।

# भीषण लू को लेकर जिले में रेड अलर्ट जारी

## - दूसरे दिन भी प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केन्द्र लखनऊ द्वारा जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं सचेत ऐप से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद में भीषण लू (सीवियर हीट वेव) को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। लगातार दूसरे दिन जारी इस अलर्ट के बाद जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से विशेष सतर्कता बरतने एवं जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार 19 मई से आगामी 24 घंटों के दौरान जिले एवं आसपास के क्षेत्रों में उष्ण लहर से भीषण उष्ण लहर चलने की अत्यधिक संभावना है। बढ़ते तापमान को देखते हुए हीट स्ट्रोक, हीट रैश एवं लू लगने का खतरा काफी बढ़ गया है। प्रशासन ने बताया कि खेतों, निर्माण स्थलों एवं खुले स्थानों पर कार्य करने वाले किसानों, श्रमिकों एवं मजदूरों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। अत्यधिक गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन एवं लू लगने की आशंका अधिक बनी हुई है। इसके




साथ ही पशुधन एवं फसलों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी में लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस, नींबू पानी, लस्सी एवं छाछ का सेवन करने की सलाह दी गई है। हल्के रंग के ढीले एवं सूती कपड़े पहनने तथा धूप में निकलते समय सिर को टोपी, गमछा या छाते से ढककर रखने को कहा गया है। दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने की अपील की गई है।बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने तथा पशुओं को छायादार स्थान पर पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों को खेतों में नमी बनाए रखने हेतु हल्की सिंचाई करने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने लोगों से खाली पेट धूप में बाहर न निकलने, अत्यधिक गर्म वातावरण में कठिन शारीरिक श्रम से बचने तथा बंद वाहनों में बच्चों एवं पशुओं को अकेला न छोड़ने की अपील की है। साथ ही अत्यधिक चाय, कॉफी एवं मादक पदार्थों के सेवन से बचने तथा धूप से आने के तुरंत बाद अत्यधिक ठंडा पानी न पीने की सलाह दी गई है। जनपद के सभी विभागों को आवश्यक सतर्कता एवं त्वरित राहत व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 05688–250077, 297204 एवं टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ बड़ा आंदोलन

## - 20 मई को मेडिकल स्टोर बंद रखने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर 20 मई को देशभर में एक दिवसीय बंद रखा जाएगा। इटावा केमिस्ट



वेलफेयर एसोसिएशन ने भी इस बंद का समर्थन करते हुए जिले के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों से हड़ताल में शामिल होने की अपील की है। संगठन के जिला महासचिव मनु गुप्ता ने बताया कि यदि सरकार ने समय रहते मांगों पर विचार नहीं किया तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि अवैध ई–फार्मेसी और ऑनलाइन दवा बिक्री से जनस्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर एक ही प्रिस्क्रिप्शन का बार–बार इस्तेमाल कर दवाओं की बिक्री की जा रही है। फर्जी डॉक्टरों के नाम पर होम डिलीवरी और नियमों की अनदेखी से स्थिति चिंताजनक हो गई है। शेड्यूल एच और एच–1 श्रेणी की दवाएं बिना वैध पर्चे के उपलब्ध कराई जा रही हैं, जो समाज के लिए खतरा बन सकती हैं। संगठन का कहना है कि ऑनलाइन सप्लाई चेन में दवाओं के सही रख–रखाव की अनदेखी हो रही है, जिससे जीवन रक्षक दवाओं की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। इसके अलावा बड़ी ऑनलाइन कंपनियों द्वारा भारी छूट और प्रीडेटरी प्राइसिंग के जरिए छोटे केमिस्ट्स का व्यापार प्रभावित किया जा रहा है। केमिस्ट्स एसोसिएशन ने मांग की है कि जीएसआर 220(ई) और जीएसआर 817(ई) अधिसूचनाओं को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। साथ ही अवैध ई–फार्मेसियों पर रोक लगाने, प्रीडेटरी प्राइसिंग के खिलाफ सख्त नीति बनाने तथा पारंपरिक दवा व्यापार को कानूनी सुरक्षा देने की मांग भी उठाई गई है। एसोसिएशन के चेयरमैन उमाकांत जैन एवं जिलाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने जिले के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों से 20 मई को बंद सफल बनाने की अपील की है। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष नवीन मेहरोत्रा, सचिव ऋषभ अग्रवाल, अमित तिवारी बाबू, प्रशांत, दुष्यंत पुरवार, शशांक जैन, गौरवकांत जैन, आरव गुप्ता तथा आशीष मेडिकल स्टोर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# एमडी जैन इंटर कॉलेज के आठ विद्यार्थी परीक्षा में चयनित

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में इस वर्ष के राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नीरज कुमार जैन ने विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह, बैग से सम्मानित करते हुए बताया कि विद्यार्थियों में पुरस्कार के माध्यम से हर्ष का संचार होने के साथ आगे और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों के चयन के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के कक्षा 8 के कई विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में प्रतिभाग किया था। यह परीक्षा फिरोजाबाद में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें विद्यालय के आठ प्रतिभागी रजत तिवारी, मोहित, दर्शिका सिंह, अर्पिता सिंह, रागिनी, तान्या, गरिमा एवं .ष्णा सिंह का चयन हुआ है। इन चयनित प्रतिभागियों को सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही विद्यालय की छात्रा कु अंकिना जैन का इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में




चयन होने एवं विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता में जनपद में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों अनिकेत ओझा, वैष्णवी गुप्ता, वैष्णवी जादौन और अंजली सिंह को भी प्रतीक चिन्ह एवं बैग देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन ने किया। इस अवसर पर संदीप जैन, संजय कटारा, राजकुमार, संजीव जैन, ध्रुवकांत झा, सुनील जैन, शैलेन्द्र जैन, नितिन जैन, संतराम, राजीव जैन, अमित जैन, सत्यपाल सिंह, प्रशान्त जैन, दुर्गेश नन्दन श्रीवास्तव, मनोज जैन, नितिन मिश्रा, योगेश श्रीवास्तव, धीरज जैन, निशान्त जैन, अंजय जैन, निर्भय जैन, विष्णुमणि, हरीशंकर, रामगोपाल, परेश जैन, शिव कुमार सिंह, नितिन जैन, राजेश सक्सेना, अंकित जैन, कुलदीप जैन, अमित जैन, विपुल जैन, मनोज शाक्य, सत्यकाम सिंह, सुकीर्ति चतुर्वेदी, ज्योति जैन, रंजना जैन, प्रीती जैन, स्वाति जैन, सारिका कुलश्रेष्ठ, साधना मोडवेल, सरिता जैन, अंजली जैन, पारुल कुशवाह, साक्षी आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# मंडी जाते समय हादसा, ट्रॉली के नीचे आने से युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावर, बिजनौर। गांव सीमली निवासी मिथुन रविवार को गांव के कुछ लोगों के साथ ट्रैक्टर–ट्रॉली में तरबूज भरकर मुजफरनगर मंडी जा रहा था। रास्ते में पेपर मिल के पास अचानक ट्रैक्टर और ट्रॉली को जोड़ने वाला गुल्ला निकल गया। हादसे के समय ट्रॉली में मिथुन समेत मलखान और खड़कू बैठे थे, जबकि चरणवीर ट्रैक्टर के मडगार्ड पर बैठा हुआ था। ट्रैक्टर भूपेंद्र चला रहा था अचानक झटका लगने से मिथुन सड़क पर गिर पड़ा और पीछे से आ रही ट्रॉली के नीचे आ गया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद साथियों में अफरा–तफरी मच गई। परिजन घायल मिथुन को उपचार के लिए मेरठ ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिवार वालों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक किसान परिवार से था। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

# वार्ड नं 6 से भाजपा पार्षद ऊषा शंखवार ने कराया निगम में मुंडन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वार्ड नं 6 से भाजपा पार्षद ऊषा शंखवार ने कराया निगम में मुंडन भाजपा महिला पार्षद द्वारा मुंडन कराते ही गर्माई नगर निगम की राजनीति। भाजपा पार्षद मुंडन कराकर बैठी धरने पर, मौके पर अधिकारियों की भीड़। ठेका सफाई कर्मचारी



संघ के पदाधिकारियों ने किया महिला पार्षद का समर्थन साथ बैठे धरने पर। महिला पार्षद का आरोप तीन साल में नहीं कराए गए वार्ड में काम, महापौर पति सुरेंद्र राठौर पर लगाए कार्य ना कराए जाने के आरोप। मौके पर मौजूद भाजपा पार्षद मुनेंद्र यादव ने लगाए अधिकारियों पर तमाम आरोप। भाजपा की सरकार, भाजपा के विधायक भाजपा की ही महापौर उसके बावजूद भाजपा महिला पार्षद का मुंडन कराना लगा रहा सवालिया निशान। वहीं जब पूरे प्रकरण पर नगर आयुक्त प्रशांत नागर से सवाल पूछा गया तो उन्होंने सभी आरोपों को बताया निराधार, और कहा भाजपा महिला पार्षद के वार्ड में करीब 64 लाख के प्रस्तावित जिसमें कुछ कार्य हो चुके कुछ होने वाले हैं। इसके अलावा पार्षद जी से अन्य प्रस्तावों पर भी हो रही है बात, जल्द होगा समस्या का समाधान। वहीं जब नगर आयुक्त से पूछा गया आखिर तीन साल क्यों किया इंतजार? वहीं भाजपा पार्षद मुनेंद्र द्वारा लगाए आरोपों पर आपका क्या कुछ कहना है? सभी सवालों के जवाब देते हुए क्या कुछ कहा नगर आयुक्त ने प्रशांत नागर ने वहीं आरोप लगाते हुए क्या कुछ कहा मुंडन कराने वाली महिला पार्षद, ठेका सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों संग भाजपा पार्षद मुनेंद्र यादव ने आप स्वयं देखिए यह एक्सक्लूसिव रिपोर्ट पर खबर लिखे जाने तक काफी समझा बुझा कर नगर आयुक्त व उनके अधीनस्थों ने मुंडन कराने वाली महिला पार्षद ऊषा देवी को निगम की गाड़ी से सुरक्षा के साथ भिजवाया घर।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। अदब कल्चर एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रविवार सायं उर्दू अकादमी ऑडिटोरियम गोमती नगर में मेधावी छात्र–छात्राओं के सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में




हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उ.ष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों में उत्साह, गर्व और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला। समारोह में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के शिक्षाविदों ने सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ताओं में प्रोफेसर एनडी त्रिपाठी, एरा मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल से जुड़े शिक्षाविद तथा डॉ. अब्बास हसन मेहंदी शामिल रहे। वक्ताओं ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन डॉ. मोहम्मद मोहिउद्दीन खान द्वारा किया गया, जिनके कुशल संचालन ने समारोह को गरिमामयी बना दिया। इस अवसर पर जनता इंतेखाबी मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्षा नसरीन इंतेखाब ने मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में विभिन्न जनपदों से आए छात्र–छात्राओं एवं अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उ.ष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा। ऐसे आयोजन समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देते हैं।

## बकरीद को लेकर गोसाईगंज थाने में पीस कमेटी की बैठक, सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील

संवाददाता लखनऊ। आगामी बकरीद पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को थाना गोसाईगंज परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों,



धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों तथा सम्भ्रांत लोगों के साथ संवाद कर त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की।बैठक की अध्यक्षता प्रशिक्षु आईपीएस सारिका चौधरी एवं प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज डी.के. सिंह ने की। इस दौरान उपस्थित लोगों से बकरीद पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने से बचने के लिए जागरूक किया।प्रशिक्षु आईपीएस सारिका चौधरी ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जनपद पुलिस की ओर से पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पुलिस लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दें।प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज डी.के. सिंह ने लोगों को आश्वस्त किया कि थाना पुलिस लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने तथा आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न वर्गों के लोगों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

## सरोजनीनगर में बंद घरों को निशाना बनाने वाले शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश, एक ही परिवार के चार सदस्य गिरफ्तार, लाखों के जेवरात, बुलेट और स्कूटी बरामद

संवाददाता लखनऊ। राजधानी के सरोजनीनगर क्षेत्र में बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक ही परिवार के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के जेवरात, नगदी, बुलेट मोटरसाइकिल, स्कूटी, टीवी और डीवीआर समेत बड़ी मात्रा में सामान बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से चोरी की वारदातों में सक्रिय थे और उनके खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।पुलिस के मुताबिक, सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में बंद घरों में ताला तोड़कर चोरी की कई घटनाएं सामने आई थीं। मोहल्ला गंगानगर अमौसी निवासी गायत्री सिंह की तहरीर पर मुकदमा संख्या 175/2026 दर्ज किया गया था। आरोप था कि 20 अप्रैल से 13 मई 2026 के बीच अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर जेवरात और नगदी चोरी कर ले गए। इसी क्रम में बद्रीनगर कॉलोनी नादरगंज निवासी इबरार अहमद की शिकायत पर मुकदमा संख्या 180/2026 दर्ज हुआ, जिसमें 13 से 15 मई की रात अज्ञात चोरों



द्वारा अलमारी में रखे जेवरात चोरी करने की घटना सामने आई। इसके अलावा हिन्दुखेड़ा अमौसी निवासी रईस अहमद की तहरीर पर मुकदमा संख्या 54/2026 पंजीकृत किया गया था, जिसमें फरवरी माह में घर का ताला तोड़कर बुलेट मोटरसाइकिल, जेवरात और नगदी चोरी कर ली गई थी।घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देशन में सर्विलांस टीम सहित चार पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों ने करीब 200 से 250 सीसीटीवी फुटेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान संदिग्धों की पहचान सुनिश्चित की गई और 19 मई 2026 को मेहराब ग्राउंड, नादरगंज क्षेत्र से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनू सिंह, प्रदुम्न सिंह, शक्तिमान सिंह और विनीता सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, चारों आपस में रिश्तेदार हैं और भाई, भाभी, मामा तथा भांजे के संबंध में हैं। आरोपी किराये के मकानों में रहकर लगातार ठिकाना बदलते थे, जिससे पुलिस की नजरों से बच सकें।पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे दिन में बंद घरों की रेकी करते थे और रात में मुंह पर कपड़ा बांधकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। जिन मकानों में सीसीटीवी कैमरे लगे होते थे, वहां से पहचान छिपाने के लिए डीवीआर भी चोरी कर ले जाते थे। आरोपियों ने घरों का ताला तोड़कर जेवरात, नगदी, बुलेट मोटरसाइकिल, स्कूटी, टीवी और अन्य सामान चोरी करने की बात स्वीकार की है।पुलिस ने बताया कि मुकदमा संख्या 180/2026 से संबंधित बड़ी मात्रा में पीली और सफेद धातु के जेवरात बरामद किए गए हैं, जिनमें हार, अंगूठियां, झुमके, चूड़ियां, नथ, टॉप्स, पायल और अन्य आभूषण शामिल हैं। मुकदमा संख्या 175/2026 से संबंधित 15 ग्राम पीली धातु और एक स्कूटी बरामद हुई है। वहीं मुकदमा संख्या 54/2026 में चोरी गई बुलेट मोटरसाइकिल संख्या यूपी–32 पीयू–9388, एक टीवी और डीवीआर भी बरामद किया गया है।पुलिस के अनुसार, गिरोह का सरगना सोनू सिंह पहले भी चोरी और मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ पीजीआई और सरोजनीनगर थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं। अन्य आरोपियों के विरुद्ध भी चोरी के मामलों में आपराधिक इतिहास पाया गया है।संयुक्त कार्रवाई थाना सरोजनीनगर पुलिस और दक्षिणी जोन की सर्विलांस टीम द्वारा की गई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है, जबकि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# वासुदेव के विजयी होने पर एमडी जैन इंटर कॉलेज में हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना विकसित भारत बिल्डथोंन–2047 के अंतर्गत सम्पूर्ण देश के विद्यार्थियों से नवाचार के प्रोटोटाइप और आईडिया ऑनलाइन पोर्टल पर मांगे गए थे। जिसमें उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न जनपदों के द्वारा पोर्टल पर हजारों की संख्या में आवेदन किए गए थे। जनपद से बेसिक और माध्यमिक विभाग से लगभग 1000 प्रोटोटाइप और आईडिया ऑनलाइन पोर्टल पर भेजे गए थे। जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि विकसित भारत बिल्डथोंन–2047 में जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जनपद के विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भर भारत, समर्द्ध भारत आदि विषयों पर अपनी टीम बनाकर ऑनलाइन पोर्टल पर प्रोटोटाइप और आईडिया भेजे थे। जिसमें राज्य स्तरीय चयन



समिति द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में 04 प्रतिभागी विजयी घोषित किए गए हैं। जिसमें जनपद के श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के विद्यालय के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के निर्देशन में टीम वाशुदेव और विशु प्रताप का चयन हुआ है। इसके लिए टीम को भारत सरकार की ओर से 25000 रुपये की धनराशि विद्यार्थियों के खाते में हस्तांतरित की जाएगी। इसके साथ ही किड्स कॉर्नर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शुभम शेखर साहू का जनपद स्तर पर चयन हुआ है। जनपद के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन और जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में वाशुदेव का भव्य सम्मान किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षक साथियों द्वारा वाशुदेव को माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम सख्त

## - डिफाल्टर होने पर अधिकारियों को मिलेगी प्रतिकूल प्रविष्टि




न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसमें किसी भी स्तर पर बरती जाने वाली शिथिलता को बेहद गंभीरता से लिया जाएगा। आई0जी0आर0एस0 पोर्टल एवं हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने में और जनपद की रैंकिंग को प्रभावित करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अब बेहद सख्त कदम उठाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि आगामी महीनें में यदि किसी अधिकारी के स्तर पर लापरवाही के कारण शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में आती है, तो संबंधित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की जाएगी। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में जनपद को प्रदेश में 36 वीं रैंक प्राप्त हुई है, इस गिरावट का मुख्य कारण कुछ विभागों और अधिकारियों द्वारा शिकायतों का समय से निस्तारण न करना है, जिससे कई मामले डिफाल्टर की श्रेणी में चले गए। जिलाधिकारी ने इस स्थिति पर गहरी नारजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि बार–बार निर्देश दिए जाने के बावजूद अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है, जिससे शासन स्तर पर जनपद की छवि धूमिल हो रही है। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देशित किया है कि आगामी किसी भी माह में यदि किसी भी अधिकारी द्वारा शिकायतों के निस्तारण में देरी की जाती है और संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में आते हैं, तो ऐसे अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी जाएगी, सभी विभाग अपनी कार्यालय प्रणाली में तत्काल सुधार लाए और डिफाल्टर मामलों को शून्य पर लाएं। ताकि जनपद की रैंकिंग में सुधार हो सके।

# निगोहां में राहगीर से लूट का खुलासा, 24 घटे के भीतर एक आरोपी गिरफ्तार, लूटी गई बाइक बरामद

संवाददाता लखनऊ। राजधानी के निगोहां क्षेत्र में ड्यूटी से घर लौट रहे युवक के साथ मारपीट कर मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और नगदी लूटने की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई स्पलेन्डर मोटरसाइकिल के साथ घटना में प्रयुक्त होंडा लीवो बाइक भी बरामद की है, जबकि दो अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।पुलिस के अनुसार, रायबरेली जनपद के थाना बछरावां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम एवं पोस्ट सेहगो पश्चिम निवासी अजीत सिंह ने 17 मई 2026 को थाना निगोहां में तहरीर देकर बताया कि वह मोहनलालगंज स्थित एलजी वेयरहाउस में कार्य करता है। ड्यूटी समाप्त करने के बाद वह अपनी स्पलेन्डर मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। देर रात करीब 3रू20 बजे जब वह निगोहां थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर स्थित दखिना टावर के पास पहुंचा, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी बाइक रुकवा ली। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन तथा जेब में रखे 500 रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए निगोहां थाने में तत्काल मुकदमा संख्या 51/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देशन में घटना के अनावरण और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया।जांच के दौरान पुलिस टीमों ने घटनास्थल से लेकर रायबरेली जनपद तक 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी विश्लेषण के आधार पर घटना में प्रयुक्त होंडा लीवो मोटरसाइकिल की पहचान की गई। साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संदिग्धों की तलाश तेज की गई।पुलिस को सफलता उस समय मिली जब मुखबिर की सूचना पर 18 मई 2026 को निगोहां से नगराम जाने वाले मार्ग पर नहरिया के पास मीरकनगर जाने वाले रास्ते से हरिओम तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी रायबरेली जनपद के थाना डीह क्षेत्र स्थित ग्राम पुरे लोकई का पुरवा का निवासी है और पेंटिंग का कार्य करता है। उसके कब्जे से वादी से लूटी गई स्पलेन्डर मोटरसाइकिल बरामद की गई।पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह अपने साथियों लवकुश



यादव और पंकज तिवारी के साथ गुडंबा क्षेत्र में किराये पर रहकर पेंटिंग का काम करता है। घटना वाले दिन तीनों एक ही होंडा लीवो मोटरसाइकिल से लखनऊ से रायबरेली जा रहे थे और रास्ते में किसी सुनसान स्थान पर लूट की वारदात करने की योजना पहले ही बना चुके थे। इसी दौरान स्पलेन्डर मोटरसाइकिल से जा रहे अजीत सिंह को देखकर उन्होंने उसका पीछा किया और करीब 500 मीटर आगे हाईवे किनारे टावर के पास मारपीट कर उसकी बाइक, मोबाइल फोन और नकदी लूट ली।गिरफ्तार आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि लूटी गई मोटरसाइकिल का इस्तेमाल आगे अन्य लूट की घटनाओं में करने की योजना थी, ताकि पहचान छिपाई जा सके। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद आरोपी दोबारा किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस की सक्रियता से एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। फरार आरोपियों लवकुश यादव और पंकज तिवारी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# संग्रहालय नई पीढ़ी को संस्कृति और विरासत से जोड़ने का सशक्तमाध्यम जयवीर सिंह

संवाददाता लखनऊ। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि संग्रहालय केवल प्राचीन वस्तुओं को संरक्षित रखने का केंद्र नहीं हैं, बल्कि देश की सभ्यता, संस्कृति और विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम भी हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में युवाओं को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। जयवीर सिंह अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य संग्रहालय एवं निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संग्रहालयों के माध्यम से समाज अपनी ऐतिहासिक धरोहर, कला और संस्कृति को समझ सकता है तथा नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने में सहायता मिलती है।पर्यटन मंत्री ने बताया कि अवकाश के दिनों में संग्रहालयों में निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग यहां पहुंचकर प्रदेश की संस्कृति और इतिहास को नजदीक से जान सकें। उन्होंने इस अवसर पर 'विजिट माय स्टेट' अभियान का भी उल्लेख किया और कहा कि यह पहल युवाओं को अपने प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार संगीता गुप्ता ने 'आदियोगी शिव रू ए जर्नी इन कॉस्मिक इंडिगो' प्रदर्शनी की जानकारी देते हुए कहा कि नील यानी इंडिगो का भारतीय इतिहास और महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन से गहरा संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि कला के माध्यम से इतिहास और अध्यात्म को नई पीढ़ी तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकता है।अपर निदेशक संस्कृति निदेशालय सृष्टि धवन ने बताया कि इस वर्ष अब तक लगभग 85 हजार विद्यार्थियों ने राज्य संग्रहालय का भ्रमण किया है, जो युवाओं में संग्रहालयों और सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि संग्रहालयों को शैक्षिक और रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य संग्रहालय एवं लोक कला संग्रहालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर विद्यालय निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और विश्वविद्यालय स्तरीय कैनवास चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।

## बिना अनुमति विदेश जाने पर शिक्षिका निलंबित

### – दो अन्य शिक्षकों पर भी कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विभागीय नियमों की अनदेखी और लापरवाही बरतने के आरोप में एक शिक्षिका समेत तीन शिक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। बिना अनुमति विदेश में रहने, विद्यालय से अनुपस्थित रहने तथा अन्य मामलों में यह कार्रवाई की गई।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर देहात में तैनात सहायक अध्यापिका रीता के बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति विदेश जाने की शिकायत मिली थी। मामले की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी बूढ़नपुर की रिपोर्ट से सामने आई, जिसके बाद शिक्षिका से स्पष्टीकरण मांगा गया। जांच में पता चला कि शिक्षिका वर्ष 2021 से 2024 तक अवैतनिक अवकाश पर रहीं और इस दौरान अपने पति के साथ मॉरीशस में निवास कर रही थीं। विभागीय नियमों के अनुसार विदेश जाने के लिए सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज से अनुमति आवश्यक होती है। बताया गया कि शिक्षिका ने अनुमति के लिए आवेदन किया था, लेकिन स्वी.ति मिलने से पहले ही विदेश चली गईं। बीएसए के अनुसार शिक्षिका 22 सितंबर 2025 से विद्यालय से बिना अनुमति अनुपस्थित चल रही थीं। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा विद्यालय से बिना अनुमति अनुपस्थित रहने और विद्युत लाइन शिटिंग प्रकरण में लापरवाही बरतने पर दो अन्य शिक्षकों के खिलाफ भी निलंबन की कार्रवाई की गई।

## जल जीवन मिशन में डिजिटल पारदर्शिता का नया मॉडल बनी 'जल सारथी' ऐप, हर गांव की जल योजना की लाइव निगरानी संभव

संवाददाता लखनऊ। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'जल सारथी' मोबाइल ऐप ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की निगरानी, शिकायत निवारण और गुणवत्ता परीक्षण का प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। यह डिजिटल पहल न केवल विभागीय कार्यों को पारदर्शी बना रही है, बल्कि ग्रामीणों को भी अपने गांव में चल रही जल योजनाओं की वास्तविक स्थिति जानने का अवसर दे रही है।ग्रामीण जलापूर्ति विभाग और नमामि गंगे से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, 'जल सारथी' ऐप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का लाइव अपडेट देख सकता है। मल्टी लेवल डैशबोर्ड प्रणाली के जरिए राज्य स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक चल रहे कार्यों की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध कराई जा रही है। इससे आम नागरिकों को भी यह जानकारी मिल रही है कि उनके गांव में पानी की टंकी, पाइपलाइन या घरेलू नल कनेक्शन का कार्य किस स्थिति में है।विशेष सचिव एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन तथा नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग प्रभास कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जिलों की लगभग 58 हजार ग्राम पंचायतों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए करीब 40 हजार परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इन सभी परियोजनाओं को ऐप के साथ ऑनलाइन जोड़ा जा रहा है, ताकि उनकी प्रगति की जानकारी वास्तविक समय में उपलब्ध हो सके।उन्होंने बताया कि ऐप में राज्य, जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर के अलग–अलग डैशबोर्ड बनाए गए हैं। किसी गांव में जैसे ही पानी की टंकी, पाइपलाइन अथवा घरेलू नल कनेक्शन का कार्य पूरा होता है, उसका विवरण ऐप पर अद्यतन कर दिया जाता है। इन कार्यों को जियो टैगिंग से जोड़ा गया है, जिससे किसी भी स्थान की प्रगति का सटीक आकलन संभव हो सका है। विभाग अब जल स्रोत से लेकर घरों तक लगे नलों और उनसे जुड़ी परिसंपत्तियों जैसे पाइपलाइन, मोटर और जल टंकी की भी प्रभावी निगरानी कर पा रहा है।जल सारथी' ऐप ग्रामीणों के लिए शिकायत निवारण का भी एक सशक्त माध्यम बन रही है। अब लोगों को जलापूर्ति से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। ऐप के माध्यम से ग्रामीण नए नल कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं और जलापूर्ति में किसी प्रकार की बाधा आने पर शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा ग्राम प्रधान, प्लंबर और संबंधित अधिकारियों के संपर्क विवरण भी ऐप में उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके।जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत की जानकारी भी ऐप के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में लगभग दो लाख किलोमीटर सड़कों को पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदा गया था, जिनमें से 1.94 लाख किलोमीटर से अधिक सड़कों का पुनर्निर्माण पूरा किया जा चुका है।ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण पेयजल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पानी की गुणवत्ता जांच व्यवस्था को भी अधिक पारदर्शी बनाया गया है। प्राथमिक स्तर पर फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता की जांच की जिम्मेदारी स्थानीय महिलाओं को सौंपी गई है। इन महिलाओं का विवरण भी ऐप पर उपलब्ध कराया गया है, ताकि उनकी जवाबदेही सुनिश्चित हो सके और ग्रामीण स्वयं भी अपने क्षेत्र में चयनित कर्मियों की जानकारी की पुष्टि कर सकें।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेसन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# महिला सुरक्षा को लेकर बिठौली पुलिस का जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना बिठौली पुलिस द्वारा क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं आमजन को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिनमें पुलिस



आपातकालीन सेवा 112, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। इस दौरान महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित कर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पति की हत्या का आरोप

## – पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। दहेज उत्पीड़न से परेशान एक महिला ने अपने पति की हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना की धनराशि हड़पने के बाद उसके पति की हत्या कर दी और अब उसे तथा उसके परिवार को लगातार जान से मारने की धमकियाँ दी जा रही हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र के हरदौली घाट रोड निवासी एक महिला ने अपने पति की संदिग्ध मौत के बाद ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि दहेज के लिए लंबे समय तक प्रताड़ित किए जाने के बाद उसके पति की हत्या कर दी गई और अब उसे तथा उसके परिवार को लगातार जान से मारने की धमकियाँ दी जा रही हैं। पीड़िता रूबी पत्नी स्वर्गीय मनोज ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह वर्ष 2020 में मनोज पुत्र कालीचरण के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे। इस संबंध में उसने पूर्व में शहर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया था। बाद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ और वह अपने पति के साथ रहने लगी। महिला के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली पहली किस्त की राशि पर ससुराल पक्ष की नजर थी। आरोप है कि ससुराल वालों



ने आवास निर्माण के लिए मिले पैसों को अपने कब्जे में लेकर 50 हजार रुपये की और मांग की तथा मांग पूरी न होने पर उसके पति की हत्या करने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि 30 मार्च 2026 को उसने अपने पति की जान बचाने के लिए बैंक से 49 हजार रुपये निकाले, लेकिन जब वह घर पहुंची तो उसे पति के आत्महत्या करने की सूचना दी गई। जिला अस्पताल पहुंचने पर उसने पति को मृत अवस्था में देखा। महिला का आरोप है कि उसके पति की हत्या की गई है। रूबी ने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष ने उसके पास मौजूद नकदी छीन ली और अब उसे, उसके छोटे बेटे तथा पिता को जान से मारने की धमकियाँ दे रहे हैं। भय के कारण कोई भी व्यक्ति गवाही देने को तैयार नहीं है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा उसे और उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

# धोखाधड़ी व सोने की चोरी के मामले में आरोपी को मिली जमानत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। धोखाधड़ी और चोरी के एक मामले में थाना उत्तर पुलिस द्वारा फंसाए गए पीड़ित व्यक्ति ने उस समय राहत की सांस ली। जब, अधिवक्ता अजहर हुसैन अंसारी की दलील पर अग्रिम जमानत मंजूर हो गई। बताते चलें कि, थाना उत्तर में पुलिस ने सोने की चोरी को लेकर चल रहे एक मामले में आगरा निवासी राजेश के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या– 170/26 अंतर्गत धारा 318(4) 317 (2) 3 (5) भारतीय न्याय संहिता में दर्ज किया था। जिसमें, पैरवी करते हुए अधिवक्ता अजहर हुसैन अंसारी ने अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र सुनवाई के समय तर्क दिया कि वह निर्दोष है पुलिस से उसे बेवजह प्रथम सूचना रिपोर्ट के फर्द में उसका नाम लिख दिया है जबकि आरोपी आगरा शहर का रहने वाला है तथा घटना के समय को फिरोजाबाद में आरोपित मौजूद नहीं था। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय द्वितीय न्यायाधीश नवनीत गिरी की कोर्ट ने अधिवक्ता अजहर हुसैन अंसारी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और दलीलों के आधार पर आरोपित राजेश को सुनवाई के पश्चात अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र मंजूर करने का आदेश पारित किया है।




# बड़े मंगलवार पर शुकुल बाजार हुआ भक्तिमय

## - सुंदरकांड पाठ व भजन-कीर्तन से गूंजा क्षेत्र

## - गायत्री नगर चौराहे सहित अन्य कई स्थानों पर आयोजित हुए भंडारे

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार के अवसर पर पूरे शुकुलबाजार क्षेत्र में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ, श्रीराम–सीता एवं हनुमान जी महाराज के भजन–कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह से ही मंदिरों, चौराहों और धार्मिक स्थलों पर पूजा–अर्चना का दौर चलता रहा, वहीं वातावरण जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से भक्तिमय बना रहा।गायत्री नगर चौराहे सहित कई प्रमुख स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जहां प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। क्षेत्र के एसवी इंटर कॉलेज में प्रबंधक एवं पत्रकार मुकेश शुक्ला द्वारा अपनी माता की पुण्यतिथि तथा बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया।इसी क्रम में एसआरडी यूचर पब्लिक स्कूल, अंदीपुर शुकुलबाजार के शुभारंभ, विद्यालय की उन्नति, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना को लेकर विद्यालय प्रबंधक एवं पत्रकार संदीप शुक्ला द्वारा संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ एवं भव्य भंडारे का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और हनुमान जी महाराज के भजनों पर श्रद्धा भाव से झूमते नजर आए।गायत्री नगर चौराहे पर आयोजित सुंदरकांड कार्यक्रम में आयोजकों में अशोक शर्मा,रमा शंकर तिवारी,व गायक टीम के रूप में सुबेदार मिश्रा, धर्मेंद्र यादव, दिलीप बनर्जी, मनोज कुमार ढोलक वादक एवं केशव लाल यादव ने अपनी मधुर प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं क्षेत्र के लोकप्रिय नेता गिरीश चंद्र शुक्ला ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने स्वयं प्रसाद वितरण कर श्रद्धालुओं की सेवा की तथा जलपान की व्यवस्था संभालते नजर आए।कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व विधायक राधेश्याम कनौजिया, पंडित राम उजेरे शुक्ल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पुत्र एजाज अहमद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बड़े मंगलवार की विशेष मान्यता के चलते पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का माहौल बना रहा तथा देर शाम तक भजन–कीर्तन और भंडारे का क्रम चलता रहा।



# लेखपाल पर पत्रकार से अभद्रता व धमकी देने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो/सेवराई, गाजीपुर। सेवराई तहसील अंतर्गत करहियां गांव की पैमाइश को लेकर हल्का लेखपाल झेगूंरी राम पर सेवराई तहसील अध्यक्ष एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष सेवराई मृत्युंजय सिंह ने गंभीर आरोप लगाए हैं। मृत्युंजय सिंह के अनुसार, करहियां की जमीन और रोड की पैमाइश के लिए पहुंचे लेखपाल झेगूंरी राम ने उन्हें फोन कर लक्ष्मण राम व राधोकिसुन राम के घर बुलाया। इस पर उन्होंने कहा कि जमीन और रोड की पैमाइश मौके पर ही होनी चाहिए और लेखपाल को मौके पर आने के लिए कहा। आरोप है कि लेखपाल ने उन्हें बार–बार घर पर आने के लिए दबाव बनाया और बातचीत के दौरान गलत लहजे में बात करते हुए तुम–तड़ांग की भाषा का प्रयोग किया। मृत्युंजय सिंह ने उनसे सम्मानजनक भाषा में बात करने का अनुरोध किया और कहा कि वह भी सम्मान से जीना जानते हैं। मृत्युंजय सिंह का आरोप है कि लेखपाल झेगूंरी राम ने कहा कि वह उनके पिता को भी जानते हैं, जो लगातार 28 वर्षों तक प्रधान रहे हैं, तथा उनके खिलाफ एससी–एसटी का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि वह अपनी जमीन–जायदाद छोड़कर भागने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लेखपाल की अमर्यादित भाषा और व्यवहार से वह आहत हैं तथा उनके विरुद्ध ठोस कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मृत्युंजय सिंह ने कहा कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वह अगला कदम उठाने को मजबूर होंगे। इस संबंध में उपजिलाधिकारी सेवराई संजय कुमार यादव से कार्रवाई की अपेक्षा जताते हुए विनम्र निवेदन किया गया है।



# खरीफ फसलों की बुआई से पहले बीज व भूमि शोधन करें किसान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला .षि रक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने किसानों से खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व बीज एवं भूमि शोधन अवश्य करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जनपद में खरीफ सीजन में धान, बाजरा, मक्का, मूंगफली, तिल एवं विभिन्न सब्जियों की खेती की जाती है। इन फसलों में कीट एवं रोगों का प्रकोप मुख्य रूप से भूमि और बीज के माध्यम से होता है। उन्होंने बताया कि बीज शोधन एवं भूमि शोधन अपनाने से खेती की लागत कम होती है तथा उच्च गुणवत्ता वाली उपज के साथ पैदावार में भी वृद्धि होती है। जैविक बीज शोधन हेतु 4 से 5 ग्राम ट्राइकोडर्मा प्रति किलोग्राम बीज तथा रासायनिक शोधन हेतु कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत या थीरम 75 प्रतिशत की 2 से 2.5 ग्राम मात्रा प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करने की सलाह दी गई है। भूमि शोधन के लिए ट्राइकोडर्मा या विवेरिया बेसियाना 2.5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर को 60 से 70 किलोग्राम सड़ी गोबर खाद में मिलाकर अंतिम जुताई के समय प्रयोग करने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त कारटाप हाइड्रोक्लोराइड 4 प्रतिशत एवं फिप्रोनिल 0.3 प्रतिशत की 18 से 20 किलोग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से भी भूमि शोधन किया जा सकता है। जिला .षि रक्षा अधिकारी ने बताया कि बीज शोधन एवं भूमि शोधन में प्रयुक्त .षि रक्षा रसायनों एवं जैविक रसायनों पर 50 से 75 प्रतिशत तक अनुदान डीबीटी माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। यह सुविधा जनपद के विभिन्न विकास खंडों में स्थित .षि रक्षा इकाइयों पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि बायोपेस्टीसाइड, बायोएजेंट्स, सोलर लाइट ट्रैप, यलो स्टिकी ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप आदि पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। बीजशोधक रसायनों पर 75 प्रतिशत तथा कीटनाशक, फफूंदनाशक एवं खरपतवारनाशक जैसे .षि रक्षा रसायनों पर 50 प्रतिशत अनुदान देय है। .षि रक्षा यंत्रों पर भी 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। मानव चालित यंत्रों पर अधिकतम 1500 रुपये तथा शक्ति चालित यंत्रों पर अधिकतम 3000 रुपये तक अनुदान निधारित है। अनाज भंडारण हेतु बखारी पर भी 50 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम 2000 रुपये तक देय है। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने विकास खंड की .षि रक्षा इकाई अथवा जिला .षि रक्षा अधिकारी कार्यालय, इटावा से संपर्क कर सकते हैं। संपर्क हेतु मोबाइल नंबर 9628052889 एवं 7906898456 जारी किए गए हैं।

# नाराज सभासद प्रतिनिधि मंडल ने शिवपाल से की मुलाकात

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। नगर पालिका परिषद में कर्मचारियों के वेतन, नगर विकास कार्यों तथा वार्डों में मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी को लेकर पिछले दिनों सभासदों द्वारा नगर पालिका कार्यालय पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया था। इसी क्रम में सभासदों के प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव से चौ.चरण सिंह विधि महाविद्यालय हैंवरा में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। विधायक ने सभासदों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सभी मांगों के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिया। गौरतलब है कि हाल ही में नगर पालिका परिषद की महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक कोरम के अभाव में स्थगित करनी पड़ी थी। बैठक में बजट सहित विभिन्न विकास प्रस्तावों पर चर्चा नहीं हो सकी थी। पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार के अनुसार 25 सभासदों में से केवल 14 सभासद उपस्थित हुए थे, जिसके चलते कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी थी। सभासद राजीव यादव के अनुसार 13 सभासदों ने बहिष्कार किया था 12 सभासद ही बैठक में उपस्थित रहे थे। अब आगामी 25 मई को पुनः बोर्ड बैठक बुलाई गई है, जिसमें बजट और विकास योजनाओं पर चर्चा किए जाने की संभावना है। पिछले कुछ समय से नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। कई सभासदों ने पालिका प्रशासन पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने तथा उनके वार्डों में विकास कार्यों की उपेक्षा करने के आरोप लगाए थे। इसी नाराजगी के चलते सभासदों ने पहले विरोध प्रदर्शन किया और अब विधायक से मिलकर अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि हाजी समीम, वरिष्ठ सभासद राजीव यादव, प्रमोद कुमार, कमल प्रकाश, मोहम्मद इरफान कुरैशी, संजय कुमार, संजीव यादव, अंकित कुमार, देवेन्द्र यादव, मंजू देवी तथा सभासद प्रतिनिधि हेमू शाक्य, राम खिलाड़ी यादव, मोनू शर्मा, सुमित गिहार आदि लोग मौजूद रहे।




# देश हित में सर्राफा व्यापारियों ने दिखाया एकजुटता का संकल्प

## - सोने-चांदी के बुलियन की खरीद बिक्री को हतोत्साहित करने पर बनी सहमति

## - डीएम व एसएसपी ने कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में की महत्वपूर्ण बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। देशहित में प्रधानमंत्री के आह्वान एवं मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में आज कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे, उपायुक्त राज्य कर ब्रजेश शेखर चौरसिया, असित कुमार सहित अन्य प्रशासनिक और कर विभाग के अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहें। बैठक का मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करना तथा सोने के अत्यधिक आयात के कारण विदेशी मुद्रा भंडार पर आ रहे वैश्विक दबाव को कम करना रहा। जिलाधिकारी की उपस्थिति में व्यापारियों को विदेशी मुद्रा पर आए वैश्विक दबाव के विषय में विस्तार से समझाया गया। प्रशासन द्वारा यह अपेक्षा की गई है कि सभी व्यापारी देशहित को सर्वोपरि रखते हुए स्वेच्छा से सोने व चांदी की बुलियन (ईंट व बिस्कुट) की खरीद–बिक्री को हतोत्साहित करेंगे। जिलाधिकारी के इस आह्वान पर सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन एवं स्थानीय व्यापारियों द्वारा अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त की गई, व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि युद्ध के कारण उपजी वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए वह देश की अर्थव्यवस्था को संबल देने के लिए सरकार का हर संभव सहयोग करेंगे। व्यापारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि फिरोजाबाद के स्थानीय बाजार में अधिकांश ग्राहक अपनी पुरानी ज्वेलरी देकर नई ज्वेलरी खरीदते हैं, यहां मुख्य रूप से बुलियन की खरीदारी का व्यापार नहीं किया जाता है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री संतोष कुमार शर्मा ने फिरोजाबाद के समस्त नागरिकों, उपभोक्ताओं और प्रबुद्धजनों से राष्ट्र हित में अपील की की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध व अन्य कारणों से वैश्विक परिस्थितियों संवेदनशील है, सोने के अत्यधिक आयात के कारण देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भारी दबाव पड़ रहा है, जो सीधे तौर पर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। उन्होंने जनपद वासियों से आग्रह किया है कि जब तक अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियां सामान्य नहीं हो जाती तब तक वह स्वेच्छा से सोने की अनावश्यक खरीदी और खपत को कम करें। उन्होंने नागरिकों से यह भी कहा कि यदि बहुत आवश्यक हो, तो नई खरीदारी करने के बजाय अपनी पुरानी ज्वेलरी को ही रीसायकल या रूटेशन में लाने का प्रयास करें, ताकि बाजार में सोने की नई मांग और आयात पर नियंत्रण लगाया जा सके। बैठक के अंत में जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्राफा व्यापारियों की स्थानीय समस्याओं व सुरक्षा संबंधी चिताओं को भी सुना और त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया, सभी उपस्थित व्यापारियों ने राष्ट्रहित में माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय मुख्यमंत्री जी की अपील के अनुसार ही कार्य किए जाने पर सर्वसम्मति व्यक्त की। इस बैठक में जनपद की सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं प्रमुख व्यापारियों राजकुमार वर्मा, रामनरेश काका, संजय वर्मा, गोविंद चौहान, कुवंर पाल सिंह, मदनलाल वर्मा, आशीष तोमर, विनय कुमार गोयल, पुष्पेंद्र चौधरी आदि द्वारा मुख्य रूप से प्रतिभाग किया गया।



# लैग- खनन माफियाओं के आगे बेबस सिस्टम!

## यमुना दादो से बने वैकल्पिक मार्ग पर ओवरलोड ट्रकों की कतार

## - हादसे के मुहाने पर ग्रामीण और स्कूली बच्चे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के खागा–किशनपुर क्षेत्र में यमुना दादो से बने वैकल्पिक मार्ग पर इन दिनों अवैध ओवरलोड ट्रक और डंपरों का आतंक चरम पर पहुंच गया है। सड़क पर दिन–रात सैकड़ो ओवरलोड वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे आम ग्रामीणों और स्कूली बच्चों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। सड़क पर फैली बालू और धूल के कारण हर समय बड़े हादसे का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि किशनपुर से खागा रोड तक ओवरलोड वाहनों से लगातार बालू गिर रही है, जिससे सड़क फिसलन भरी और जानलेवा बन चुकी है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के चलते हालात दिन–ब–दिन बदतर होते जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि किशनपुर दादो यमुना पुल के पास बने वैकल्पिक मार्ग से लेकर मर्का यमुना पुल और असोथर–नरैनी मार्ग तक रात–दिन ओवरलोड ट्रैक्टर, ट्रक और डंपर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। अवैध बालू खनन का कारोबार खुलेआम जारी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रहे हैं। ग्रामीणों ने खनिज विभाग और आरटीओ पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सैकड़ों ओवरलोड वाहनों में से केवल कुछ गाड़ियों पर कार्रवाई कर विभाग अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेता है, जबकि अधिकांश वाहन बिना किसी डर के सड़कों पर दौड़ते रहते हैं। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि खनन माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह दबाव में नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री की सख्त बुलडोजर नीति और अवैध खनन के खिलाफ अभियान के बावजूद जिले में माफियाओं के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि ओवरलोड वाहनों पर रोक नहीं लगी तो किसी भी दिन बड़ा सड़क हादसा हो सकता है।



# महिलाओं को आत्मरक्षा व नेतृत्व का दिया जा रहा प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्र सेविका समिति द्वारा जिले में पहली बार प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का आयोजन प्रियांशी संस्कार वैली स्कूल, लुधपुरा में दीप प्रज्जवलन एवं भूमि पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण वर्ग एक सप्ताह तक संचालित होगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज की महिलाओं को जागृत, संस्कारित एवं चरित्रवान बनाना तथा उनमें शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह संघचालक रामनरेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना वर्ष 1936 में नागपुर में लक्ष्मीबाई केलकर द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि समिति महिलाओं में राष्ट्र प्रेम, संस्.ति और सेवा भावना जागृत करने का कार्य निरंतर कर रही है। विद्यालय प्रबंधक अरुण दुबे ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं तथा रहने और भोजन की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। विभाग कार्यवाहिका संगीता एवं वर्ग कार्यवाहिका अर्चना के नेतृत्व में आयोजित यह वर्ग 25 मई की प्रातः तक चलेगा। जिला कार्यवाहिका ममता शर्मा ने बताया कि वर्ग में 12 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले रही हैं। संरक्षक के रूप में राष्ट्र सेविका समिति की राष्ट्रीय सदस्य शारदा पांडेय उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण वर्ग में नियुद्ध, दण्ड, पद विन्यास, नेजम, घोष, योगनिद्रा एवं योगासन सहित विभिन्न शारीरिक और बौद्धिक विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित की जाएगी। संभावित कार्यक्रम के तहत 23 मई को सायंकाल पथ संचालन मिडिल स्कूल से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करेगा। वर्ग में इटावा के अलावा औरैया, कानपुर देहात सहित विभिन्न जनपदों से लगभग 25 शिक्षिकाएं एवं प्रशिक्षणार्थी शामिल हैं। खंड कार्यवाहिका भारती पाठक, जिला संपर्क प्रमुख डॉ. जानकी दीक्षित एवं बौद्धिक प्रमुख दुर्गेश नंदिनी भी प्रशिक्षण वर्ग में मार्गदर्शन प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम में श्रद्धा यादव, सतेंद्र सिंह तोमर, बलवीर सिंह यादव, सुरेश गुप्ता एवं श्री.ष्ण कुशवाहा सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा।

# सांसद निधि से बने प्रतीक्षालय का लोकार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। स्टेशन बजरिया क्षेत्र में सांसद निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का उद्घाटन सांसद जितेंद्र कुमार दोहरे ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर इटावा–मैनपुरी मोटर ऑपरेटर यूनियन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय लोगों ने सांसद का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में यूनियन अध्यक्ष श्यामू चौहान, यूनियन प्रबंधक कुँवर रफत अली खान तथा यूनियन के सदस्यों द्वारा सांसद जितेंद्र दोहरे, ब्लॉक प्रमुख धीरेन्द्र दोहरे, सपा प्रवक्ता विक्की गुप्ता एवं जेई संतोष राजपूत को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिवकिशोर यादव, उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, सचिव संतोष राठौर, रोहित श्रीवास्तव एवं लाला यादव सहित अन्य लोगों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। सांसद जितेंद्र कुमार दोहरे ने कहा कि सांसद निधि एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के इलाज हेतु अब तक 1 करोड़ 44 लाख 12 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है, जिससे अनेक परिवारों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थानों पर यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण कराया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर हाईमास्ट लाइटें लगवाकर प्रकाश व्यवस्था को मजबूत किया गया है। इसके अलावा डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं की स्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्य भी कराए जा रहे हैं। गर्मी के मौसम में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर एवं पानी की टंकियों की व्यवस्था भी कराई गई है। सांसद ने बताया कि कई विकास कार्य प्रगतिशील हैं, जिन्हें शीघ्र पूरा कर जनता को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य इटावा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और कस्बे तक विकास कार्य पहुंचाना तथा जनता की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना है। इस अवसर पर सुशील कुमार 'नाती', सोनू यादव, विनय यादव, राजा खानजादा, रियाज अंसारी, मन्नू भाई, द्वीप सिंह भदौरिया, विपिन यादव, रंजीत, साजिद, शानू, संजय चौरसिया, जीतू, दीपु यादव, हिमांशु राठौर, सुमित राठौर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# निर्माण श्रमिकों के पंजीयन हेतु विशेष शिविर शुरू

## – फैमिली आईडी के बिना नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जनपद में 20 मई से 30 मई तक विकास खंडवार विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह जानकारी सहायक श्रमायुक्त कुलदीप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर आयोजित किए जा रहे इन शिविरों में श्रमिक पंजीयन, जीरो पॉवर्टी एवं फैमिली आईडी से संबंधित कार्य किए जाएंगे। निर्माण श्रमिक एवं मनरेगा श्रमिक अपने आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, राशन कार्ड, पासबुक तथा परिवार के सदस्यों के आधार विवरण के साथ शिविर में पहुंचकर अपना पंजीयन एवं अभिलेख अपडेट करा सकते हैं। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि बोर्ड द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फैमिली आईडी अनिवार्य कर दी गई है। प्रमुख सचिव श्रम द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिना फैमिली आईडी किसी भी श्रमिक को योजना का लाभ नहीं मिलेगा। श्रमिक पंजीयन हेतु नवीनतम फोटो, 90 दिनों का नियोजक प्रमाण पत्र अथवा स्वघोषणा पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक विवरण आवश्यक होंगे। आवेदन प्रक्रिया के दौरान मोबाइल नंबर अपने पास रखना अनिवार्य होगा ताकि सत्यापन एवं पासवर्ड प्रक्रिया पूरी की जा सके। आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण, राजमिस्त्री, बढ़ईगीरी, सड़क निर्माण, पुताई, टाइल्स लगाने, इलेक्ट्रिक कार्य, ईंट भट्ठा, खनन कार्य, मिट्टी एवं सीमेंट ढुलाई समेत कुल 40 प्रकार के निर्माण कार्यों में लगे श्रमिक पंजीयन के पात्र होंगे। सभी श्रमिकों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र अथवा आयोजित विशेष शिविरों में पहुंचकर ऑनलाइन पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

# नारायन कॉलेज में समर कैम्प का शुभारम्भ

## - तैराकी, रोबोटिक्स, कराटे समेत कई गतिविधियों में बच्चे दिखा रहे प्रतिभा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स में समर कैम्प का शुभारम्भ भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सूबेदार मेजर रघुराज सिंह यादव, सूबेदार मेजर .पाल सिंह यादव, रामदास, अनिल कुमार चतुर्वेदी, नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की निदेशिका डॉ. श्रेता तिवारी, प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेंद्र शर्मा एवं पूनम शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। समर कैम्प के अंतर्गत इस वर्ष भी बच्चों के लिए विभिन्न खेल, कला एवं तकनीकी गतिविधियों का आयोजन किया गया है। कैम्प में तैराकी, कराटे, रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग, पॉटरी, पेंटिंग, मेहंदी, नृत्य, आर्ट एंड क्राट, तीरंदाजी, निशानेबाजी, क्रिकेट एवं बास्केटबॉल का प्रशिक्षण विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के ऑडिटोरियम में छात्र–छात्राओं ने सांस्.तिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।




छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से सेव वाटर एवं सेव अर्थ का संदेश दिया। समूह नृत्य एवं गीत प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में रंग जमा दिया। प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि नारायन कॉलेज छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा निखारने का अवसर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करते हुए बच्चों को मनोरंजन के साथ ज्ञानवर्धन से जोड़ना इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि समर कैम्प में नारायन कॉलेज के अलावा सेंट मैरी, संत विवेकानंद एवं सुदिति ग्लोबल एकेडमी सहित कई विद्यालयों के छात्र–छात्राएं भी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस बार तैराकी को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है तथा विद्यालय का अत्याधुनिक स्वीमिंग पूल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर रघुराज सिंह यादव ने छात्र–छात्राओं को राष्ट्रप्रेम एवं कौशल विकास के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि देश निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि नारायन कॉलेज द्वारा आयोजित यह समर कैम्प बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत उपयोगी साबित होगा। समर कैम्प में अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त प्रशिक्षक चंद्रमोहन तिवारी, फैजान कुरैशी, मोहम्मद इतिखार हुसैन, संदीप कुमार, .ष्णकांत, नवीन कुमार, अनुराग यादव, टोनी साइमन एवं ऋतु कनौजिया सहित कई विशेषज्ञ प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में स्कूल कोऑर्डिनेटर उरूसा रिजवान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ऋतु कनौजिया, संदीप यादव, .ष्णकांत, टोनी साइमन, गौरी अग्निहोत्री, निशा पांडेय एवं समस्त शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## - फायरिंग के बाद जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली, तमंचा व बाइक बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के तहत इटावा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरतार किया है। बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की गई है। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार 19 मई को थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी पुलिस क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान आरओआईपी के माध्यम से सूचना मिली कि दतावली नहर पुल पर एक व्यक्ति ने विवाद के दौरान तमंचा दिखाकर एक व्यक्ति को धमकाया और लोकासई नहर पुल की ओर भाग गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने लोकासई नहर पुल के पास संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रोकने का इशारा करने पर वह नहर पटरी के किनारे जामुन के बाग की ओर भागने लगा। पीछा करने पर उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में बदमाश शिवम वाल्मीकि पुत्र मुन्नालाल निवासी पंसारी टोला थाना कोतवाली के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद हुई। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया।



पुलिस के मुताबिक गिरतार शिवम वाल्मीकि थाना कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है और उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, छिनैती, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, मादक पदार्थ तस्करी सहित कुल 17 अभियोग दर्ज हैं। आरोपी के विरुद्ध थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी में धारा 317(2)/109(1) बीएनएस एवं 3/25/27 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष फ्रेण्ड्स कॉलोनी अमित मिश्रा, उपनिरीक्षक भारत सिंह, उपनिरीक्षक सौरभ सिंह, उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह, हेड कांस्टेबल मोहित कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार, रविन्द्र चौहान, बलदेव चौधरी, मनोज सोलंकी, योगेश सिंह, राहुल कुमार, संसार सिंह, मोहम्मद दानिश तथा चालक कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# मिशन 2027 की तैयारी में जुटी भाजपा

## - दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को मिलेगा चुनावी मंत्र

## - 23-24 मई को बालाजी मंडपम में लगेगा दो दिवसीय शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अभी से संगठनात्मक तैयारियां तेज कर




दी हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान–2026 के अंतर्गत 23 एवं 24 मई को बालाजी मंडपम में आयोजित होने वाले दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय पर जिला पदाधिकारी एवं संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला कल्याण बोर्ड अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि भाजपा समय–समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है, जिससे कार्यकर्ता अन्य दलों की अपेक्षा अधिक प्रशिक्षित और वैचारिक रूप से मजबूत बन सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान किसी भी पदाधिकारी या जनप्रतिनिधि को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। पार्टी का उद्देश्य है कि प्रत्येक कार्यकर्ता प्रशिक्षण से नई सीख लेकर लौटे और उसकी संगठनात्मक क्षमता में वृद्धि हो। जिला प्रशिक्षण प्रभारी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह ने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागियों को पूरे दो दिन एवं एक रात्रि प्रशिक्षण स्थल पर रहना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान मोबाइल फोन बाहर रखने की व्यवस्था की जाएगी ताकि प्रतिभागी पूर्ण एकाग्रता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों की ऑनलाइन परीक्षा होगी और सरल एप के माध्यम से रिपोर्टिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण स्थल पर केंद्र, प्रदेश एवं जिला स्तर की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें 60 प्रतिशत विषय केंद्र सरकार, 25 प्रतिशत राज्य सरकार एवं 15 प्रतिशत जनपद स्तर से संबंधित होंगे। पार्टी इस पूरे अभियान को डिजिटल रूप से मॉनिटर करेगी। समापन उद्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के कार्यकर्ताओं में शिविर को लेकर उत्साह का माहौल है और सभी अपेक्षित पदाधिकारी इसमें भाग लेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष एवं प्रभारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, प्रकोष्ठ एवं विभागों के पदाधिकारी, विधायक, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष तथा अन्य दलों से आए जिला स्तरीय कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री एवं प्रशिक्षण संयोजक जितेंद्र गौड़ ने किया। बैठक में जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष .पा नारायण तिवारी, बासु चौधरी, विरला शाक्य, यशवर्धन चौधरी, संजीव भदौरिया, अमित तिवारी, अनूप जाटव, जिला मंत्री मधु तोमर, राजकमल यादव, संजू बाबू शाक्य, सुरेश राजपूत, जितेंद्र पाल, अभिषेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, सह–कोषाध्यक्ष समीर सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सह–मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, अभिषेक प्रताप सिंह, आईटी संयोजक शरद तिवारी, दीपू चौहान, सोनू भदौरिया सहित जिला पदाधिकारी एवं प्रशिक्षण संचालन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# महाराजा सुहेलदेव विजयोत्सव स्थानीय कलाकारों को प्रदान करेगा मंच

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने बताया कि विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्थल पर महाराजा सुहेलदेव जी के विजयोत्सव के उपलक्ष्य में 23 एवं 24 मई 2026 को दो दिवसीय वृहद स्तर पर सांस्.तिक कार्यक्रमों व प्रदर्शनी इत्यादि का आयोजन प्रस्तावित है। जनपद की समृद्ध सांस्.तिक विरासत को इस विजयोत्सव में जीवंत करने के लिए सभी स्थानीय कलाकारों, संस्थाओं एवं युवक–युवतियों से अपेक्षित है कि अपनी कला के प्रदर्शन से उत्सव को यादगार बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। सीडीओ धनवंता ने जनपद के कलाकारों, गायकों, नर्तकों, लोक कलाकारों, कवियों एवं सांस्.तिक समूहों से अपील की है कि वे महाराजा सुहेलदेव जी के विजयोत्सव कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के तौर पर सांस्.तिक कार्यक्रम, कला प्रदर्शन, लोक नृत्य, भजन, काव्य गोष्ठी, ऐतिहासिक नाट्य प्रस्तुति आदि विधाओं में प्रदर्शन करने हेतु जिला पर्यटन अधिकारी मो.न. 6306339747 अथवा अपर संख्यिकी अधिकारी के मो.नं. 9450426176 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

# लखनऊमें वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

## – आज दूसरे दिन भी न्यायिक कार्य ठप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। लखनऊ सेंट्रल बार के अधिवक्ताओं के चैंबरों को प्रशासन द्वारा बुलडोजर से तोड़े जाने और विरोध कर रहे वकीलों पर किए गए बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज के विरोध में जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का आक्रोश चरम पर है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने प्रशासन की इस दमनकारी कार्रवाई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। दूसरे दिन भी विधि व्यवसाय से विरत रहे अधिवक्ता राजधानी लखनऊ में छुट्टी के दिन वकीलों के चौंबरों पर बुलडोजर चलाने और वहां मौजूद अधिवक्ताओं पर की गई पुलिसिया बर्बरता से पूरे प्रदेश के विधिक समाज में भारी रोष है। इसी क्रम में जनपद अधिवक्ता भी पूरी तरह आंदोलित हैं। विरोध स्वरूप आज लगातार दूसरे दिन भी जनपद के अधिवक्ताओं ने खुद को न्यायिक व विधि व्यवसाय के कार्यों से पूरी तरह विरत रखा, जिससे न्यायालयों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा और दूर–दराज से आए वादकारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इससे पूर्व, अधिवक्ताओं के सम्मान की रक्षा और लखनऊ के पीड़ित अधिवक्ता साथियों के समर्थन में रणनीति तैयार करने के लिए बार एसोसिएशन द्वारा एक आपात बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रशासन के इस दमनकारी रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती और वकीलों के सम्मान की बहाली नहीं होती, तब तक उनका यह शांतिपूर्ण विरोध और प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान जिले के तमाम वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत मासूम बच्ची बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो




इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में गुमशुदा बच्चों की तलाश हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत थाना सिविल लाइन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कचहरी परिसर से गुम हुई 4 वर्षीय मासूम बच्ची को मात्र दो घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना इकदिल क्षेत्र के ग्राम खेड़ापति निवासी शिवकुमार अपनी पत्नी एवं परिवार के साथ कचहरी परिसर आए हुए थे। इसी दौरान उनकी 4 वर्षीय पुत्री आराध्या अचानक परिसर में कहीं खो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन बच्ची का पता नहीं चल सका, जिसके बाद थाना सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने बिना समय गंवाए ऑपरेशन मुस्कान के तहत कचहरी परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी सहायता के जरिए लगातार खोजबीन की। पुलिस की मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई के चलते मासूम आराध्या को कुछ ही समय में सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। अपनी बच्ची को सुरक्षित वापस पाकर परिजनों ने इटावा पुलिस एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की सराहना करते हुए पूरी पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कण्व कुमार मिश्रा थाना सिविल लाइन मय टीम शामिल रही।

# तीसरे बड़े मंगलवार पर जगह-जगह सजे भंडारे

## – श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। भारत–नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा में तीसरे बड़े मंगलवार के अवसर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ जगह–जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ विभिन्न स्थलों पर उमड़ती रही और श्रद्धालुओं ने बढ़–चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता के अनुसार मलमास का यह मंगलवार अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है और ऐसा संयोग लगभग 36 वर्षों बाद आया है। इसी कारण क्षेत्र में विशेष उत्साह देखने को मिला। भंडारों की शुरुआत महाबली बजरंगबली के पूजन एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ की गई। नगर के रामलीला चौराहा, चकिया रोड, दशहरा बाग, साकेत नगर, दीनदयाल नगर, आदर्श नगर, स्टेशन रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के सामने सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। भंडारे में लहरपुरवा, निबिया, सहजना, केवलपुर, रानी पुरवा, मनरिया, सीतापुरवा, पंडित पुरवा, मोहनापुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं नेपाल से आने–जाने वाले यात्रियों ने भी भंडारे में शामिल होकर प्रसाद प्राप्त किया। पूरे दिन क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

# देशहित में बुलियन खरीद-बिक्री सीमित करने की अपील

## - सर्राफा व्यापारियों ने प्रशासन को दिया सहयोग का भरोसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। देशहित में प्रधानमंत्री के आह्वान एवं मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में सर्राफा व्यापारियों एवं बुलियन कारोबारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य कर विभाग के अधिकारियों, सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं स्थानीय स्वर्ण–रजत व्यापारियों ने सहभागिता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के बीच देश की अर्थव्यवस्था को सु.ढ़ बनाना, विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ रहे दबाव को कम करना तथा सोने के आयात में संतुलन स्थापित करना रहा। जिलाधिकारी ने व्यापारियों को बताया कि भारत विश्व के सबसे बड़े स्वर्ण आयातक देशों में शामिल है और हर वर्ष भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा सोने के आयात पर खर्च होती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर




युद्ध एवं वैश्विक अस्थिरता के चलते डॉलर की मांग और आयात लागत बढ़ने से विदेशी मुद्रा भंडार पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सोने की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं पर भी आर्थिक प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में यदि बुलियन यानी सोने–चांदी के बार एवं बिस्किट की अनावश्यक खरीद–बिक्री सीमित की जाए तो आयात में कमी लाकर विदेशी मुद्रा की बचत की जा सकती है और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बैठक के दौरान व्यापारियों द्वारा आभूषणों की खरीद–बिक्री को लेकर भ्रम की स्थिति की जानकारी दिए जाने पर अपर आयुक्त राज्य कर, इटावा जोन ने स्पष्ट किया कि शासन की अपील केवल बुलियन की खरीद–बिक्री को हतोत्साहित करने के लिए है, न कि आभूषण निर्माण एवं बिक्री को रोकने के लिए। उन्होंने कहा कि जब सोना खरीदकर लॉकर या तिजोरी में रख दिया जाता है तो वह अर्थव्यवस्था से बाहर हो जाता है, जिसे अर्थशास्त्र में 'डेड इनवेस्टमेंट' कहा जाता है। यदि पुराने आभूषणों को गलाकर नए आभूषण तैयार किए जाएं तो व्यापार एवं कारीगरों के रोजगार पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा और बाजार में आर्थिक गतिविधियां बनी रहेंगी। सर्राफा व्यापारियों एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने प्रशासन की अपील का समर्थन करते हुए राष्ट्रहित में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने कहा कि इटावा में अधिकांश व्यापार आभूषणों की खरीद–बिक्री पर आधारित है और स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर बुलियन व्यापार नहीं किया जाता है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और युद्धजनित आर्थिक प्रभावों को देखते हुए वे सरकार एवं प्रशासन की अपीलों का पालन करेंगे तथा आम लोगों को अनावश्यक बुलियन निवेश से बचने के लिए जागरूक करेंगे। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही व्यापारियों से आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने की अपेक्षा की गई। बैठक के अंत में शासन की मंशा एवं वर्तमान अंतरराष्ट्रीय आर्थिक परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी व्यापारियों ने अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां सामान्य होने तक राष्ट्रहित में सरकार की अपील के अनुरूप सहयोग देने का संकल्प लिया। बैठक में अपर आयुक्त ग्रेड–2 एस.एम. सिंह, संयुक्त आयुक्त बी.पी. सिंह, संतोष कुमार वर्मा, अधिवक्ता विवेक स्वरूप अग्रवाल, एच.एन. सिंह, सर्राफा एसोसिएशन के श्याम सिंह वर्मा, रणवीर सिंह वर्मा, ओमकार प्रसाद मथुरिया, हरीश जौहरी, पारस जैन सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# गांजा तस्करी के आरोपी को एक वर्ष की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत इटावा पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में आरोपी को न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है। एडीजे–7/एनडीपीएस एक्ट कोर्ट ने आरोपी को एक वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। मामला थाना भरथना क्षेत्र का है, जहां वर्ष 2018 में पुलिस ने आरोपी प्रहलाद सिंह पुत्र राम भरोसे निवासी नगला




गोपी थाना भरथना के कब्जे से 1200 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया था। इस मामले में थाना भरथना पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 18/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना भरथना पुलिस, पैरोकार कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह, मॉनिटरिंग सेल टीम तथा एडीजीसी योगेन्द्र सिंह परिहार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। प्रभावी साक्ष्य और पैरवी के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# अशपरेशन मुस्कान : दो घटे में मासूम बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में गुमशुदा बच्चों की तलाश हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ढाई वर्षीय मासूम बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों के चेहरे




पर मुस्कान लौट आई। जानकारी के अनुसार सती मोहल्ला थाना कोतवाली निवासी ढाई वर्षीय अव्यांश उर्फ दरसु पुत्र स्वर्गीय भीकम सिंह घर के बाहर खेलते समय अचानक लापता हो गया था। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी बच्चे का पता नहीं चल सका, जिसके बाद थाना कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल विशेष टीम गठित कर इलेक्ट्रॉनिक एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर खोजबीन शुरू की। पुलिस टीम ने मात्र दो घंटे के भीतर बच्चे को पथवारिया मस्जिद के पास से सकुशल बरामद कर लिया। बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने इटावा पुलिस एवं थाना कोतवाली पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए सराहना की। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह, उपनिरीक्षक अरुण चौधरी चौकी प्रभारी नौरंगाबाद, हेड कांस्टेबल ज्ञानेंद्र कुमार कटियार, कांस्टेबल रवि देव एवं कांस्टेबल रूपेंद्र शुक्ला शामिल रहे।

# मक्खनपुर नगर पंचायत के खिलाफ ठेकेदार एसोसिएशन ने खोला मोर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी से पत्र लिखकर की आज खुलने वाली ई निविदा निरस्त कराने की मांग नगर पंचायत में ई निविदा में नियम ताख पर रखकर खोले जा रहे है टेंडर ठेकेदार एसोसिएशन ने अपने चहेते ठेकेदारों ओर टेंडर देने ओर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए है एसोसिएशन के अध्यक्ष सुपेन्द्र सिंह का कहना अधिशाषी अभियंता और चेयरमैन के इशारे पर हो रहा है नगर पंचायत पर बड़े स्तर पर भष्ट्राचार आज खुलने वाले टेंडरों में 25 से 40 लाख तक के खुलने थे काम ,चेयरमैन के इशारे में नियम को ताख पर रखकर 1 करोड़ की मांगी है हैसियत टेंडर निरस्त ना होने पर ठेकेदार एसोसिएशन करेंगे जिलाधिकारी ऑफिस पर धरना।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति मैनबहादुर पुत्र रामशंकर की मृत्यु दिनाकं 15.08.2025 को निज निवासी ग्राम चन्द्रगढ़ लखनहॉ मजरे ऐंझी विकास खण्ड असोथर तहसील व जिला फतेहपुर में हो गई थी। अज्ञानतावश मेरे पति मैनबहादुर का मृत्यु प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। अब प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। अतः न्यायहित में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाना जरूरी है। कमला पत्नी मैनबहादुर निवासी ग्राम चन्द्रगढ़ लखनहॉ मजरे ऐंझी विकास खण्ड असोथर तहसील व जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता धूनी पुत्र मटकू की मृत्यु दिनाकं 15.10.2018 को निजि निवासी ग्राम व पोस्ट ऐंझी विकास खण्ड असोथर तहसील व जिला फतेहपुर में घर पर हो गई थी। अज्ञानतावश मेरे पिता धूनी का मृत्यु प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। अब प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। अतः न्यायहित में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाना जरूरी है। सीताराम पुत्र धूनी सविता निवासी ग्राम व पोस्ट ऐंझी विकास खण्ड असोथर तहसील व जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र देवव्रत का जन्म दिनाकं 10.07.2012 को घर पर हुआ था। माता का नाम मालती देवी है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। योगेन्द्र नाथ पुत्र ऋषिदेव सिंह निवासी ग्राम मन्सूरपुर सुकुरूल्ला, मजरे कबीरपुर, पोस्ट बेरागढ़ीवा विकास खण्ड तेलियानी थाना हुसेनगंज तहसील व जिला फतेहपुर।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# आंधी-तूफान के एक सप्ताह बाद भी गांवों में अंधेरा

## - बिजली बहाली की धीमी रफ्तार से ग्रामीणों में आक्रोश

## - भीषण गर्मी में बिजली-पानी संकट गहराया, मोबाइल चार्ज करने तक को भटक रहे लोग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बीते तेरह मई को जनपद में आई तेज आंधी और



तूफान ने भारी तबाही मचाई थी। जहां इस प्रा.तिक आपदा में कई लोगों की जान चली गई, वहीं सैकड़ों परिवारों के आशियाने भी उजड़ गए। आंधी–तूफान का सबसे ज्यादा असर ग्रामीण इलाकों की विद्युत व्यवस्था पर पड़ा, जहां बिजली के खंभे और तार बड़ी संख्या में क्षतिग्रस्त हो गए। आंधी के बाद एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद जिले के तमाम गांव आज भी अंधेरे में डूबे हुए हैं। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांवों में न तो पानी की सप्लाई सुचारु हो पा रही है और न ही लोग अपने मोबाइल तक चार्ज कर पा रहे हैं। शाम ढलते ही पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग गांवों की ओर ध्यान नहीं दे रहा है और मरम्मत कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि विभाग की कार्यशैली कछुए की चाल जैसी हो गई है, जिससे ग्रामीणों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बताया जा रहा है कि खागा तहसील, बिंदकी तहसील और सदर तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अब तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। कई गांव ऐसे हैं जहां तूफान के बाद से अभी तक विभाग का कोई कर्मचारी तक नहीं पहुंचा। टूटे खंभे और जमीन पर पड़े तार अब भी ग्रामीणों के लिए खतरा बने हुए हैं। भीषण गर्मी के चलते हालात और भी बदतर हो गए हैं। बिजली न होने से पंखे, कूलर और पानी की मोटरें बंद पड़ी हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग से जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों को दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# धरना देने जा रहे प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष हॉउस अरेस्ट

## - राजधानी लखनऊमें प्रधानों के कार्यकाल बढ़ाने को लेकर आज होना था धरना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ग्राम प्रधानों के कार्यकाल को बढ़ाये जाने की मांग को लेकर राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित धरने में शामिल होने की आशंका के चलते अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष नदीम उद्दीन पप्पू एडवोकेट समेत कई ग्राम प्रधानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जिलाध्यक्ष के पुलिस हिरासत में लिए जाने की जानकारी होने पर अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त हो गया। जिला बार एसोसिएशन के हस्तक्षेप पर पुलिस प्रशासन ने जिलाध्यक्ष को कोतवाली से रिहा करके घर भेज दिया जहां देर शाम तक आवास में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया। आवास के आस पास भी पुलिस की तैनाती जारी रही। जिलाध्यक्ष ने फोन पर बताया कि पंचायत चुनाव को लेकर हो रही देरी की वजह से ग्राम प्रधानों के कार्यकाल को बढ़ाये जाने की मांग को लेकर 20 मई को राजधानी लखनऊ में प्रदेश व्यापी धरना आयोजित किया जाना था। धरने में शामिल होने से रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुबह उन्हें आवास से पहले कोतवाली बुलाया व उन्हें हिरासत



में लेने की बात कही। वही जिला बार के हस्तक्षेप के बाद उन्हें हॉउस अरेस्ट किया गया है। आवास में मिलने आये ग्राम प्रधान स्वामी शरण पाल, जितेंद्र सिंह, सोनू, सुरेंद्र, उमाशंकर आदि ग्राम प्रधान को भी साथ मे हॉउस अरेस्ट किया गया था।

# प्लेवे इंग्लिश स्कूल में 25 वें समर स्पोर्टस क्रिकेट का आगाज

## - तीस दिवसीय क्रिकेट कैंप में बच्चों को मिलेंगी खेल की बारीकियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के प्लेवे इंग्लिश स्कूल में मंगलवार को 25 वें समर स्पोर्ट्स क्रिकेट कैंप का भव्य शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। स्पोर्ट्स इंडिया (द इंडियन स्पोर्ट्स वेलफेयर ट्रस्ट) के तत्वावधान में आयोजित तीस दिवसीय क्रिकेट कैंप में बच्चों को क्रिकेट की तकनीकी जानकारी के साथ खेल भावना, अनुशासन, फिटनेस और टीम वर्क का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे यूपीसीए डायरेक्टर प्रिंस रियासत अली ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त जरिया भी हैं। खेल बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन विकसित करते हैं, जो जीवन में सफलता दिलाने में सहायक साबित होते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



नफीस जाफरी ने कहा कि खेल बच्चों के भीतर टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सबसे बेहतर माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि कैंप में शामिल बच्चे यहां खेल की बारीकियां सीखकर अपने हुनर को निखारेंगे और भविष्य में अच्छे खिलाड़ी एवं जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। कैंप में विभिन्न स्कूलों के करीब 30 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें क्रिकेट के नियमों, तकनीकी पहलुओं और फिटनेस से जुड़ी जानकारी व्यावहारिक रूप से दी जाएगी। इस दौरान मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को प्रीमियम बैक पैक वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया। प्लेवे इंग्लिश स्कूल के मैनेजर हुसैन अख्तर जाफरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच देने और उन्हें आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं स्पोर्ट्स इंडिया ट्रस्ट के संचालक आसिफ जुबैर फैजी ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं और इस तरह के कैंप भविष्य के खिलाड़ियों को तैयार करने में सहायक साबित होते हैं। इस मौके पर शोबी कासिम, शहजाद अनवर, अब्दुल रहमान हमजा, यूनुस सर, बाजपेयी, कोच इसरार अहमद, सफदर जमील, आलोक तिवारी और मोहम्मद मारूफ समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी सास सुघरावती पत्नी रामशंकर की मृत्यु दिनाकं 08.12.2025 को निज निवासी ग्राम चन्द्रगढ़ लखनहॉ मजरे ऐंझी विकास खण्ड असोथर तहसील व जिला फतेहपुर में हो गई थी। अज्ञानतावश मेरी सास सुघरावती का मृत्यु प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। अब प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। अतः न्यायहित में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाना जरूरी है। कमला पत्नी मैन बहादुर निवासी ग्राम चन्द्रगढ़ लखनहॉ मजरे ऐंझी विकास खण्ड असोथर तहसील व जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र कुशल रस्तोगी (KUSHAL RASTOGI)का जन्म दिनांक 15.08.2007 को घर पर हुआ था। जिसका जन्म प्रमाण पत्र कमांक 1245 दिनांक 06.09.2007 को जारी हुआ था। जन्म प्रमाण पत्र में घरेलू नाम कृष्णम अंकित हो गया है जो कि गलत है। इसलिए जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का सही नाम कुशल रस्तोगी (KUSHAL RASTOGI) अंकित करके दूसरा प्रमाण पत्र जारी किया जाना उचित होगा। ताकि भविष्य में कोई असुविधा न हो। विपुल रस्तोगी पुत्र श्री स्व0 अनिरूद्ध कुमार रस्तोगी निवासी मोहल्ला रस्तोगीगंज शहर व जिला फतेहपुर।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/– में
कान्टेक्ट लैंस मात्र 350/– में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# मांगों को लेकर पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन ने किया प्रदर्शन

## – डीएम को ज्ञापन सौंपकर समय से मानदेय का भुगतान दिलाए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरोफ?/फतेहपुर। समय से मानदेय का भुगतान किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन के बैनर तले पंचायत सहायक/अकाउंटेंट कम डाटा



एंट्री आपरेटरों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। यूनियन के जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार राय की अगुवई में कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम सचिवालयों में कार्यरत पंचायत सहायक/अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री आपरेटरों द्वारा षासन की विभिन्न आनलाइन योजनाओं व पोर्टलों का संचालन किया जा रहा है। लेकिन वर्तमान में ग्राम सचिवालयों में समस्याओं के कारण कार्य सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है। मांग किया कि सभी कर्मचारियों को उच्च गुणवत्ता का स्मार्ट फोन उपलब्ध कराया जाए, इंटरनेट रिचार्ज की समुचित व्यवस्थ की जाए, ग्राम सचिवालयों में कंप्यूटर सिस्टम उपलब्ध कराया जाए साथ ही जो सिस्टम खराब पड़े हैं उनको बनवाया जाए, स्टेषनरी सामग्री उपलब्ध कराई जाए, पंचायत सहायकों का मानदेय समय से भुगतान कराया जाए। जिससे ग्राम सचिवालयों मे संचालित आनलाइन सेवाएं व शासन की योजनाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें और पंचायत सहायकों का मनोबल बना रहे। इस मौके पर जिला प्रभारी दिग्विजय सिंह, दीपेश श्रीवास्तव, नकुल कुमार यादव, अभिजीत पटेल, प्रियंका देवी, सौरभ श्रीवास्तव, अमित कुमार वर्मा, उपेन्द्र कुमार, अंजली श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं।

# बुढ़वा मंगलवार पर हुए भंडारे, एकता की दिखी मिसाल

## – बजरंगबली की पूजा–अर्चना कर की सुख–समृद्धि की कामना

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जेष्ठ मास के तीसरे मंगलवार यानी बड़े मंगल पर पूरे जनपद में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सिद्धपीठ तांबेष्वर मंदिर सहित जिले के विभिन्न हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां भक्तों ने बजरंगबली की पूजा–अर्चना कर आरती की और सुख–समृद्धि की कामना की। शहर के बाकरगंज स्थित बॉम्बे मेडिकल स्टोर द्वारा



भव्य भंडारे एवं शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान हनुमान के चित्र पर माल्यार्पण और आरती के साथ हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं को पूरी–सब्जी एवं प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर जय श्री राम और बजरंगबली की जय के जयकारे लगाए तथा प्रसाद ग्रहण किया। भव्य आयोजन की व्यवस्था मुस्लिम समाज के डॉ. फारूकी की देखरेख में संपन्न हुई, जिसने हिन्दू–मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। डॉ. फारूकी ने कहा कि हम सभी ईष्वर की संतान हैं, बस उन्हें मानने के तरीके अलग–अलग हैं। आज बजरंगबली की पूजा और प्रसाद वितरण कर जो आत्मिक शांति मिली, वह अविस्मरणीय है। कार्यक्रम संयोजक एवं बॉम्बे मेडिकल स्टोर संचालिका सुभ्रा रस्तोगी ने बताया कि बड़े मंगल के पावन अवसर पर हवन–पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को सफल बनाने में उनके बेटे करन रस्तोगी की विशेष भूमिका रही। साथ ही मेडिकल स्टाफ राजेश, सुमित, प्रियांशु, अवधेश, गोलू एवं नातिन वामिका रस्तोगी का भी विशेष सहयोग रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से गूंज उठा।

# नीट पेपर लीक मामले पर युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## – राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर कड़ी कार्रवाई की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण को लेकर जिला युवा कांग्रेस व एनएसयूआई ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजकर छात्रों के भविष्य से हुए खिलवाड़ पर गहरी चिंता जताई है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह के नेतृत्व में भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि पेपर लीक की घटना ने लाखों मेहनतकश छात्रों एवं उनके अभिभावकों का विश्वास तोड़ा है। ज्ञापन में मांग की गई कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को तत्काल भंग किया जाए तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें। साथ ही मामले की सीबीआई जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराए जाने की मांग भी उठाई गई। युवा कांग्रेस ने प्रभावित छात्रों को निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराने, उन्हें कानूनी सहायता देने तथा प्रभावित परिवारों को आर्थिक मुआवजा एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने की भी मांग की है। जिलाध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि देश के युवा दिन–रात मेहनत कर अपने उज्जवल भविष्य के सपने देखते हैं, लेकिन इस प्रकार की घटनाएं उनके मनोबल को तोड़ रही हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग की है।

# लखनऊ लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने हड़ताल कर मांगा न्याय

## - सभा में कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा, प्रदर्शन कर सीएम को भेजा ज्ञापन

## - दोषियों पर कार्रवाई, घायलों को मुआवजा व अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सामूहिक रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने आम सभा कर जहां लाठीचार्ज का विरोध किया वहीं कलेक्ट्रेट में जमकर नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर दोषी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई, घायलों को मुआवजा तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग उठाई। जिला बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक सिविल बार हाल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बार अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने की, जबकि संचालन महामंत्री अनुराग नारायण उर्फ पुत्तन मिश्र ने किया। बैठक में बार की दुकानों का किराया बढ़ाए जाने, बार की संपत्ति पर अवैध



कब्जा किए लोगों को बेदखल करने, अधिवक्ता कल्याण हेतु ट्रस्ट गठन कर कोष व्यवस्था सुनिश्चित करने समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा कचहरी परिसर में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने, वकालतनामा शुल्क बढ़ाने तथा अधिवक्ता हित एवं बार को मजबूत बनाने संबंधी अन्य प्रस्तावों पर भी विचार–विमर्श हुआ। वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाना समय की आवश्यकता है। तत्पश्चात अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के माध्यम से सीएम को भेजे गए ज्ञापन में लखनऊ में अधिवक्ताओं पर किए गए लाठीचार्ज का विरोध दर्ज कराया। सीएम से मांग किया कि इस मामले में दोशी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कड़ी कार्रवाई की जाए, घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिया जाए व अधिवक्ता की सुरक्षा हेतु प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो अधिवक्ता आंदोलन के लिए विवश हो जाएंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी। इस मौके पर अधिवक्ताओं में कैलाश प्रताप सिंह, सुशील मिश्र, हितेंद्र सिंह, मणि प्रकाश दुबे, आफताब अहमद, प्रवीण द्विवेदी, इंद्रजीत यादव, वागीश श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश गुप्त, सुनील गुप्ता, मंजुला राजपूत, पुष्पा देवी मौर्य, सतीश शर्मा, दीपचंद्र त्रिपाठी, अविनाश सिंह, महाप्रसाद दुबे, आयशा साहब, निकेता सोनकर, सनत कुमार निषाद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने में जुटी जेएसपी

## - बूथ कमांडर व सह बूथ कमांडरों को बाटे नियुक्तिपत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनहित संकल्प पार्टी (जेएसपी) ने बिंदकी क्षेत्र में बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में पाथा राइस मिल, कुंवरपुर रोड पनई इनायतपुर में बूथ कमांडर एवं सह बूथ कमांडर नियुक्ति पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। समारोह का नेतृत्व जेएसपी बिंदकी प्रभारी एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एडवोकेट वीरेंद्र सिंह ने किया। मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक अविनाश काकडे रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष रमेश पटेल चितौरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष पियूष प्रताप सिंह, गुजरात से आए द सरदार मिशन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. चिराग पटेल, सरदार सेना गुजरात प्रभारी एवं साहित्यकार डॉ. सतेंद्र पटेल प्रखर, जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह पटेल गोलू तथा पार्टी जिलाध्यक्ष मुकेश पटेल मौजूद रहे। संचालन सुरेंद्र मौर्य ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न बूथों




से आए कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। साथ ही प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र और फूलमाला देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में करीब सात सौ से अधिक लोगों की मौजूदगी रही। एडवोकेट वीरेंद्र सिंह ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की असली ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता होता है। पार्टी गांव–गांव तक संगठन विस्तार अभियान चला रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर–घर जाकर पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय संरक्षक अविनाश काकडे ने कहा कि जनहित संकल्प पार्टी गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। पार्टी का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक न्याय और विकास पहुंचाना है। प्रदेश अध्यक्ष रमेश पटेल चितौरी ने कहा कि प्रदेश भर में संगठन विस्तार तेजी से किया जा रहा है और पार्टी आने वाले समय में मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरेगी। डॉ. चिराग पटेल, डॉ. सतेंद्र पटेल प्रखर समेत अन्य वक्ताओं ने भी संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में नव नियुक्त पदाधिकारियों को समाजहित में कार्य करने और पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया गया।

# बड़ौरी टोल पर लगा निःशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर

## - वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया गया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर




मंगलवार को त्रिवेणी संगम राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़ौरी टोल प्लाजा पर परिवहन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ट्रक, बस एवं व्यवसायिक वाहन चालकों की आंखों और स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सड़क सुरक्षा समिति की अध्यक्ष जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कानपुर, परिवहन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन प्रतीक मिश्र ने कहा कि हर वर्ष हजारों वाहन चालक .ष्टि कमजोर होने के कारण सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा नशे या नींद की स्थिति में वाहन न चलाने की सलाह दी। इस दौरान पंपलेट वितरित कर सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. विष्वेष त्रिपाठी, ऑप्टोमोलॉजिस्ट केसी सोनकर एवं फिजिशियन डॉ. बृजेश कुमार ने चालकों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। चिकित्सकों ने कहा कि लंबे सफर के दौरान थकान महसूस होने पर वाहन चलाने से बचना चाहिए। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव, प्रोजेक्ट मैनेजर राकेश भारद्वाज, एचआर मैनेजर संदीप पांडेय, वरिष्ठ प्रबंधक अतुल यादव, वरिष्ठ सीएसआर प्रबंधक फिरोज़ खान, सुरक्षा अधिकारी फैय्याज आलम, अजीत सिंह, अतुल सिंह समेत टोल कर्मचारी व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# दबंगों पर मारपीट का आरोप, पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम कौंडर निवासी एक महिला ने गांव के कुछ लोगों पर उसके देवर और उसके साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने के बावजूद न तो मेडिकल कराया गया और न ही मुकदमा दर्ज किया गया। ग्राम कौंडर निवासी मन्जू देवी पत्नी चन्द्रेषखर ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि चार फरवरी की शाम करीब 4 बजे उसका देवर चन्द्रेखन घर के बाहर छप्पर के नीचे बैठा था। आरोप है कि उसी दौरान गांव के ही कल्लू लखन, सुजीत, नानबिट्टी, मोनू आदि एकराय होकर लाठी–डंडों से लैस होकर पहुंचे और चन्द्रेखन को बेरहमी से मारने–पीटने लगे। शोर सुनकर जब मन्जू देवी बीच–बचाव करने पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली–गलौज करते हुए लात–घूंसों और डंडों से मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि घटना के तुरंत बाद उसने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद वह थाने जाकर शिकायत भी दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने न तो



उसके देवर का मेडिकल कराया और न ही रिपोर्ट दर्ज की। मन्जू देवी ने आरोप लगाया कि घटना के बाद से आरोपी लगातार परिवार को धमका रहे हैं और रास्ता रोककर भय का माहौल बना रहे हैं। पीड़िता ने आशंका जताई कि आरोपी भविष्य में किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए मेडिकल परीक्षण कराने तथा आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# आंधी-तूफान से फसल नुकसान की 23 मई तक दें सूचना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में तेरह मई को आए आंधी–तूफान से केला एवं आम की फसलों को हुए नुकसान को लेकर उद्यान विभाग सक्रिय हो गया है। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश पाठक ने बताया कि जिन किसानों की केला या आम की फसल को क्षति पहुंची है, वे निर्धारित तिथि तक आवेदन देकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रभावित किसान अपने प्रार्थना पत्र के साथ आधार कार्ड, खतौनी तथा खेत की जियोटैग फोटोग्राफ संबंधित क्षेत्र प्रभारी को 23 मई तक उपलब्ध कराएं, ताकि क्षति पूर्ति की कार्रवाई की जा सके। जिला उद्यान अधिकारी ने क्षेत्रवार अधिकारियों एवं मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं। तेलियानी, बहुआ एवं ऐरायां क्षेत्र के किसान डॉ. सुनील कुमार से मोबाइल नंबर 9452073794 पर संपर्क कर सकते हैं। हस्वा, भिटौरा एवं मलवा क्षेत्र के लिए धर्मेंद्र सिंह 7652088495, हथगांव, असोथर एवं विजयीपुर क्षेत्र के लिए पंकज कुमार पटेल 9140136988 तथा खजुहा, अमौली, देवमई एवं धाता क्षेत्र के लिए मयंक राज 9919779564 को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उद्यान विभाग ने किसानों से समय रहते आवेदन करने की अपील की है, ताकि नुकसान का आकलन कर शासन स्तर से सहायता उपलब्ध कराई जा सके। विस्तृत जानकारी के लिए किसान जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, विकास भवन में संपर्क कर सकते हैं।

# महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

## – ससुरालीजनों पर दहेज की खातिर प्रताड़ित करने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के खुशवक्तरायनगर में सोमवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 25 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लागया है। जानकारी के अनुसार खुशवक्तरायनगर निवासी प्रशांत पाण्डेय की पत्नी रानी पाण्डेय ने सोमवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता रमेश चन्द्र का कहना है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज के लिए उसकी पुत्री को प्रताड़ित करते थे। आए दिन बीस से पचास हजार रूपए की मांग करते थे। घटना से कुछ घंटे पहले ही रानी का फोन आया कि तीस हजार रूपए की जरूरत है। ससुरालीजनों की प्रताड़ना से तंग आकर पुत्री ने घटना को अंजाम दिया है।

# घायल महिला की उपचार दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विगत बीस दिन पूर्व पंजाब के लुधियाना में जीने से गिरकर 21 वर्षीय महिला घायल हो गई थी। जिसे परिजन उठाकर घर ले आए जहां इलाज के दौरान सोमवार की शाम उसकी मौत हो गई। बताते चलें कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी सज्जन अपनी पत्नी काजल व परिवारीजनों के साथ पंजाब के लुधियाना में मजदूरी करता है। बताते हैं कि 28 अप्रैल को उसकी पत्नी छत पर किसी काम से गई थी। तभी जीने से गिरकर घायल हो गई थी। कुछ दिन लुधियाना में इलाज कराने के बाद उसे लेकर गांव आ गए जहां घर पर ही इलाज किया जा रहा था। सोमवार की शाम उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# किशोरी समेत दो ने खाया जहरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत किशोरी समेत दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां किशोरी की हालत गंभीर बनी है। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के उमरी गांव निवासी मुकेश की 13 वर्षीय पुत्री साक्षी देवी ने मंगलवार की सुबह मां प्रिया देवी की डांट से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी प्रकार मलवां थाना क्षेत्र के भैसौरा गांव निवासी ओम प्रकाश का 18 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार ने जान देने के इरादे से डाई पी लिया। कुछ देर बाद जब दोनों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उन्हें सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां किशोरी की हालत गंभीर बनी हुई है।

# सड़क हादसों में मां-बेटा समेत चार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों पर मंगलवार की सुबह हुए सड़क हादसों के दौरान मां बेटा व पुत्री सहित चार लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के भोनीपुर गांव निवासी छोटेलाल का 25 वर्षीय पुत्र पवन कुमार अपनी 50 वर्षीय मां गीता व 30 वर्षीय बहन किरन पत्नी सुनील निवासी मझटेनी खागा के साथ बाइक से शहर किसी काम से आ रहे थे। जैसे ही ये लोग कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज एनएच–2 पर पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे तीनों घायल हो गए। इसी प्रकार औंग कस्बा निवासी हसीन की 25 वर्षीय पत्नी आलिया पति के साथ बाइक से रिश्तेदारी में जा रही थी। जैसे ही ये लोग एआरटीओ कार्यालय के समीप पहुंचे तभी अचानक चलती बाइक से महिला गिर कर घायल हो गई। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )